प्रकाशकिरणावली

[हिन्द्यनुवादेन सहितं संस्कृतकाव्यम्]

प्रणेता

प्रकाशचन्द्रमिश्रः

देववाणी-परिषद्, दिल्ली

६, वाणी–विहारः, नयी दिल्ली–११००५९

(भारतम्)

'देववाणी-परिषद्, दिल्ली' ग्रन्थाङ्कः—९५

प्रकाशकिरणावली

[हिन्द्यनुवादेन सहितं संस्कृतकाव्यम्]

प्रणेता

प्रकाशचन्द्रमिश्रः

एं०डी०एम० (सेवानिवृत्तः)

देववाणी-परिषद्, दिल्ली

६, वाणी—विहारः, नयी दिल्ली—११००५९

(भारतम्)

प्रकाशकिरणावली (संस्कृतकाव्यम्)

प्रणेताः : प्रकाशचन्द्र मिश्रः
प्रवासी-बी २/८६, सेक्टर १७, रोहिणी,
दिल्ली-११००८५ दूरभाषः २७८९१७९७
निवासी- ११४, मिश्राना, मैनपुरी-२०५००१

प्रकाशकः : देववाणी-परिषद्, दिल्ली
आर-६, वाणी विहारः,
नयी दिल्ली-११००५९ (भारतम्)
दूरभाषः २५६३९१४६

मुद्रकः : प्रवीण प्रिंटिंग सर्विस
३५, टी एक्स्टैंशन, उत्तम नगर,
नई दिल्ली-११००५९ फोन : २५३३२७५५

संस्करणम् : प्रथमम्, २००२ ई०

मूल्यम् : शतं रूप्यकाणि रु० १००.००

© लेखकः

PRAKĀŚAKIRAṆĀVALĪ (Sanskrit Poetry)

Author : Mishra, Prakash Chandra
B 2/86, Sector 17, Rohni, Delhi-110085
114, Mishrana, Mainpuri-205001 (U.P.)

Publisher : Devavani Parishad, Delhi
R-6, Vani Vihar, New Delhi-110059
(India) Phone : 25639146

Printer : Parveen Printing Service
35, T, Extn., Uttam Nagar,
New Delhi-110059 Ph. : 25332755

Edition : First, 2002

Price : Rupees One hundred only Rs. 100.00

अनुक्रमणिका

	शीर्षकं		पृष्ठाङ्कः
	अनुक्रमणिका		क-ख
	प्रास्ताविकम्	डा० रमाकान्त शुक्लः	ग-घ
	अभिमतम्	डा० सत्यव्रतः शास्त्री	ङ-छ
	शुभाशंसनम्	आचार्य प्रभुदत्त शर्मा	ज
	निवेदनम्	प्रकाशचन्द्रो मिश्रः	झ
	आभार स्वीकृति		ञ-ढ
	चित्राणि		ण-त
	समर्पणम्		थ
	वाच्योऽहं न तु मे वचः		द
१.	श्रीशारदास्तवः		१
२.	श्रीविघ्नविदारणवन्दना		१
३.	श्रीरामस्तवः		१
४.	श्रीकृष्णाद् याचितम्		२
५.	श्रीराधाराधनम्		३
६.	श्रीपञ्चास्यपञ्चकम्		३
७.	श्रीमहादेवमहिमा		४
८.	श्रीजगन्नाथवन्दनम्		५
९.	चौराधिपचतुष्कम्		५
१०.	महादेव्याराधनम्		६
११.	महर्षिपाणिनीयपादाभिवन्दनम्		७

शीर्षकं	पृष्ठाङ्कः

१२. श्रीगुरुमहिमा ८

१३. श्रीमद्भगवद्गीता ८

१४. जयेत्सा सुरभारती ९

१५. मेघमहिमा १०

१६. कस्य दूषणम् ११

१७. कबन्धः १२

१८. कु १५

१९. ममत्वमीमांसा १५

२०. पर्जन्यपञ्चकम् १७

२१. माभिमानं कृथाः १८

२२. त्वं कुरुष्वोद्यमम् २०

२३. स्तोत्रम् २१

२४. प्रजातन्त्रम् २२

२५. गुरुवर्यविद्यावारिधिश्रीबच्चूलालावस्थिपादपद्मेषु २४

२६. आचार्यश्रीरमाकान्तशुक्लमहाभागपादपद्मेषु २४

२७. प्रकीर्णम् २५-८३

प्रकाशकिरणावलीपद्यानामकारादिसूची ८४

कविपरिचयः ९२

प्रास्ताविकम्

'देववाणी-परिषद्, दिल्ली'ति संस्था साहित्यिक-सांस्कृतिक-कार्यकलापैः सह सद्ग्रन्थानां प्रकाशनमपि करोति। अद्यावधि परिषदा चतुर्णवतिग्रन्थानां प्रकाशनं कृतं येष्वाधिक्यं मौलिकरचनानामस्ति। इदानीं मैनपुरीनगर्यां १०.३.१९१७ ई० तारिकायां जनकात् श्री पं० अमरनाथमिश्र-महोदयात् जनन्यां श्रीमत्यां ब्रजवतीदेवीचतुर्वेदीत्याख्यायां सन्नार्यां समुत्पन्नेन मैनपुर्यां प्रयागे च लब्धविद्येन, सम्यक् निर्व्यूढातिरिक्तजिलाधिकारि-दायित्वेन, श्रीप्रकाशचन्द्रमिश्रमहाभागेन मैनपुर्यां दिल्ल्यां च प्रणीता स्वोपज्ञहिन्द्यनुवादसहिता **'प्रकाशकिरणावली'** परिषदा पञ्चनवतितमग्रन्थरूपेण सहर्षं प्रकाश्यते। इतः पूर्वमर्वाचीनसंस्कृतस्यांकेषु मिश्रमहाभागस्य रचनाः प्रकाशिताः सन्ति।

प्रकाशकिरणावल्याः **'कबन्ध'** इत्येतद्रचनां विहाय प्रायः सर्वेषु शीर्षकेषु संकलिताः श्लोकाः मुक्तककोटिं भजन्ते। एतेषु मुक्तकेषु कवेर्भक्तिभावः, लोकशास्त्रकाव्याद्यवेक्षणं, जीवनानुभवः, रसिकता, प्रकृतिप्रेमा, परिहासपेशलता, तत्त्वचिन्तनं, जीवनदर्शनं, निर्भीकता, ऋषि-गुरु-विद्वत्कवि-समादरः, पाणिनीयव्याकरणाभ्यासः, कोशज्ञानं, नीतिकौशलं, जीवनमूल्यानि च यथावसरं साक्षात्कर्तुं शक्यन्ते सहृदयैः। वैदर्भीरीतिरचितेषु पद्येषु प्रसादगुणस्य प्रायः सर्वत्रैव दर्शनं भवति। क्वचित्तु कविना विदुषां कृते व्याकरणस्य विशिष्टप्रयोगा अप्युपायनीकृताः ये विदुषः पाणिनीयं व्याकरणं सूक्ष्मेक्षिकया द्रष्टुं प्रचोदयन्ति। एवमेव क्वचिदेतादृशाः शब्दाः प्रयुक्ता येषामाशयं स्फोटयितुं कोषज्ञानमावश्यकम्। दिङ्मात्रमुदाह्रियते–

'सरित्समुद्रमेघज्याः परार्थं जीवनप्रदाः ।' (प्रकीर्ण, २१७)

अत्र 'ज्या'शब्दो धनुर्गुणवाचको नास्त्यपितु भूमिवाचकोऽस्ति। ये विद्वांसः ज्याशब्दस्य भूमिरूपं मौर्वीरूपञ्चार्थं जानन्ति तेषां कृते त्वत्र झटित्यर्थसमर्पकता सुलभा। ये पुनर्ज्याशब्दस्य सिञ्जिनीरूपमेवार्थं जानन्ति तेषां कोशग्रन्थावलोकनेन शक्तिग्रहः स्यात्। तद्यथा हलायुधकोशे–

भूर्भूमिर्वसुधावनिर्वसुमती धात्री धरित्री धरा
गौर्गोत्रा जगती रसा क्षितिरिला क्षोणी क्षमा क्ष्माचला।
कुः पृथ्वी पृथिवी स्थिरा च धरणी विश्वम्भरा मेदिनी
ज्यानन्ता विपुला समुद्रवसना सर्वंसहोर्वी मही ॥

श्रीप्रकाशचन्द्रमिश्रमहाभागैस्सह मम परिचयो दशकद्वयाभिव्यापी वर्तते। १९८२ तमख्रीष्टाब्दतोऽहमनेकवारं डा० इच्छारामद्विवेदस्यामन्त्रणे सुरभारती-सेवासंस्थानोत्सवेषु सहभागितां कर्तुं मैनपुरीमगच्छम्। तत्र मम काव्यपाठं ध्वन्यंकनयन्त्रस्थं कृत्वा मिश्रमहाभागाः तं स्वगृहे शृण्वाना मुदं लभन्ते स्म। एतेषां वदनं सदैव प्रसादसदनं मयावलोकितम्। विनम्रताया एते निधानम्। विदुषां कृते अत्यन्तं समादरं हृदि दधते। पुत्र-पौत्रादि-परिवृताः सानन्दं समयं यापयन्ति। सहधर्मिण्याः श्रीमत्याः सरोजिनीदेव्याः परामर्शमपि काव्यरचनायां सादरं गृह्णन्ति।

प्रभोः कृपाभाजनमेते। पञ्चाशीतेरधिकमपनीतेऽपि वयसि न परित्यक्ता देवा एतैः। तेषां वन्दने रता एते आत्मानन्दं विन्दन्ति। स्फूर्तिरेतेषामाश्चर्यकरी। रोहिणीतः एकाकिन एव ८७९ संख्याकं बसयानमारुह्य वाणीविहारमायान्ति। मया ह्येते मैनपुर्यां सुरभारतीसेवासंस्थानसमायोजिते संस्कृतकविसम्मेलने काव्यपाठार्थं समाहूताः। प्रथमन्त्वैतैः विनम्रतया कवीनां पुरतः स्वरचनां प्रस्तोतुमसामर्थ्यं निवेदितं किन्त्वनन्तरमध्यक्षीयमाग्रहमादृत्यैतैः **'जयेत्सा सुरभारती'**ति रचना दैनन्दिनीतः पठिता। तत ऊर्ध्वं तु नैकश एतेषां काव्यपाठस्याहं साक्षी अस्मि। देववाणी-परिषदा नवदिल्ल्यां २०.१०.२००२ तारिकायां समायोजिते पञ्चदश-पण्डितराज-समारोहे एतेषां काव्यपाठस्याहं साक्षी अस्मि। दूरभाषसम्पर्कोऽप्यावयोः काव्यविमर्शस्य साधको भवति।

प्रशासकीयपदसेवनानन्तरमपि मिश्रमहाभागैर्या सुरभारतीसपर्यानुष्ठीयते तदर्थमेतेभ्यो मुहुर्मुहुरभिनन्दनानि व्याहरामि।

सुभक्तिविभवान्विता सरलनीतिवाक्यैर्युता
कुमत्यगदरूपिणी ग्रह-ख-वेद (४०९) पद्याञ्चिता ।
समुद्यमपरायणा सहृदयप्रमोदप्रदा
प्रकाशकिरणावली हरतु सन्ततं हृत्तमः ॥

(रमाकान्त शुक्लः)
महासचिवः
देववाणी-परिषद्, दिल्ली
आर ६, वाणी विहारः, नयी दिल्ली-११००५९

देववाणी-परिषदः
सप्तविंशः स्थापनादिवससमारोहः
१३.१२.२००२

अभिमतम्

प्रकाशकिरणावल्योद्भासिता श्रीप्रकाशचन्द्रमिश्रकवितावली मया निभालिता। तां निपाठं निपाठं यो रसोद्रेको मयाऽनुभूतः स वाचामगोचरः। स्वयमेव पर्वतात्समुद्भूता गिरिणदीवेयं कवितावली। नाना विषया अत्र स्पृष्टाः कविना। प्रायशो वैदर्भी रीतिरेवात्र समाश्रिता। निसर्गसुन्दरा वाचां गुम्फा अत्रत्याः सुतरां सहृदयहृदयावर्जकाः। क्वचित्क्वचिद्विद्वन्मनोविनोदाय केचन तादृशा अपि प्रयोगाः समाश्रिता ये सहसाऽर्थापनासहा विचारसहाश्च। ते कवेर्व्याकरणशास्त्रवैशारदीमाविष्कुर्वन्ति । प्रशासनकार्यव्यापृतैरपि कविवरैर्जटिले शास्त्रेऽस्मिन्नेतादृशी निपुणता समासादितेति चित्रीयेत दोषज्ञोऽपि। **अव्ययसर्वनाम्नामकच् प्राक्टेरित्यत्र तिङश्चेत्यस्यानुवृत्त्या** तिङन्तेष्वपि टेः प्रागकज् विहितः शास्त्रकृता। तादृशानि नैकानि तिङन्तपदानि प्रयुक्तानि कविवरैः। तद्यथा–

आचरन्तकि लोका हि शिक्षयन्तकि शिक्षकाः ।
नयन्तकि च नेतारस्तस्य क्षेमस्य का कथा ॥

'सर्वप्रातिपदिकेभ्यः क्विब्वा वक्तव्य' इति वार्तिकेन कृष्ण इवाचरतीत्याद्यर्थे कृष्णतीत्यादिरूपसिद्धिः। तादृशक्विप्प्रयोगशृंखला-विभूषितमधस्तादुद्धृतं पद्यं कस्य मुदे न स्यात्–

वायसन्ति शृगालन्ति भुजङ्गन्तीह मानवाः ।
न मनुष्यति धिक् कोऽपि कीदृशीयं विडम्बना ॥

एवंविध एव **'मूकन्तु खलु पण्डिता'**इत्यत्र 'मूकन्तु' इति प्रयोगोऽपि। दुर्बले बलाधानमित्यर्थकम् अन्वाजे इत्यव्ययम्। तस्य कृञा योगे **उपाजेऽन्वाजे** इति सूत्रेण विकल्पेन गतिसञ्ज्ञा विधीयते सूत्रकृता। गति सञ्ज्ञापक्षे गतिसमासे समासेऽनञ् पूर्वे क्त्वो ल्यबिति ल्यब्भवति। 'अन्वाजेकृत्य' इति च रूपं सिध्यति। तदेव प्रयुक्तं कविवरैः **अन्वाजेकृत्य ये धीराः सार्थीकुर्वन्ति जीवितम्।** एवमेव बन्धनार्थकस्य प्राध्वमित्य- व्ययस्यापि **'प्राध्वं बन्धने'** इत्यनेन कृञ् सहचारेण गतिसञ्ज्ञायां प्राध्वंकृत्येति प्रयोगः कविकृतस्तत्सूक्ष्मेक्षिकामपि व्यनक्ति–

जीवेतां दम्पती दिष्ट्या प्राध्वंकृत्य परस्परम् ।

'प्राध्वंकृत्ये'त्यस्य परस्परानुकूल्यं सम्पाद्येत्यर्थः।

सविलम्बं हिमे ग्रीष्मे प्रातराक्रमते रविरित्यत्रोद्गमनार्थे (उदयते इत्यर्थे) आङ्पूर्वकस्य क्रमतेरात्मनेपदप्रयोग **'आङ उद्गमने'**इति सूत्रेण पाणिनिना विहितोऽतीव हृदयावर्जकः। एकस्मिन्नेव पद्ये **'ददन्ते' 'ददते'** इति रूपद्वयं प्रयुज्यमानं ध्रुवमेव स्मेराननान् विदधीत विशेषज्ञान्। तत्र **'ददते'** इति जौहोत्यादिकस्य दा (डुदाञ् दाने) धातोः प्रथमपुरुषवहुवचन आत्मनेपदे प्रयोगो 'ददन्ते' इति भौवादिकस्य दानार्थकस्यैव दद धातोः प्रथमपुरुषबहुवचने प्रयोगः।

जीवनं भुवनं जलमित्यमरपाठाज्जीवनशब्दस्य जलमप्येकोऽर्थो यद्यपि लोके विरलप्रयुक्तः। कविवरैः स्थानद्वये प्रयोगः कृतः– **'कूप......... जीवनं स्वं मुदा दत्से।' 'मेघ.......दत्से यस्मै कस्मै स्वजीवनम्'** । एतादृश एव पृथिव्यर्थकः **'कु'** शब्दः– **'न कोऽपि देवः कौ सर्वपूज्यः।'**

न केवलं तत्तत्प्रयोगवैलक्षण्यमेव वैशिष्ट्यमस्य काव्यसंग्रहस्यापि तु कल्पनावैलक्षण्यमपि–

(१) मनो नपुंसकं जेतुं सुकरं नेति निश्चितम् ।
अतस्तृणं न मन्तव्यो निर्बलोऽपि रिपुर्बुधैः ॥

(२) पुंश्चलीव सुखं शेते निद्रा युवजनैः सह ।
वृद्धैरभ्यर्थ्यमानाऽपि सा तेभ्यो विजुगुप्सते ॥

मित्रशब्दो यथा सुहृदर्थकस्तथा सूर्यार्थकोऽपि यद्यपि न तावत्सोऽर्थस्तथा लोकप्रसिद्धो यथा सुहृद्रूपोऽर्थः। श्लेषालंकारोदाहरणभूतं पद्यमिदमतीव सहृदयहृदयावर्जकं यत्रैष शब्दः प्रयोगमवतीर्णः–

पङ्कजान्यपि फुल्लन्ति वीक्ष्य मित्रोदयं खलु ।
ये नो हृष्यन्ति तेनापि ते नरा ननु किन्नराः ॥

किन्नरा इत्यस्य न किन्नरजातिका अपितु कुत्सिता नरा इत्यर्थः।

येऽपि काव्यसंग्रहेऽस्मिन् लोकेऽल्पप्रयुक्ताः केचन प्रयोगाः समाश्रितास्ते न पाण्डित्यप्रदर्शनधियाऽपि तु विद्वन्मनोरञ्जनायैव। यत्र तत्समाश्रयणं तत्रैव भव'त्युत्सवः सुधियाम्'।

यद्यपि लघुरयं काव्यसंग्रहस्तथाप्यर्थगौरवेण गुरुरेव।

रुचिराऽस्य पदशय्या। वैदर्भीरीतिबद्धोऽत्रत्यो वाचां गुम्फः। पृथगर्थता चात्र गिरां रुचिरा रचिता रचनाकृद्भिः। ध्रुवमेव सुमनसां सुमनसां मनस्त्वयं कमप्यामोदविशेषं जनयेदिति प्रतियन् काव्यसंग्रहकर्तृंश्च नैकैः साधुवादैः सभाजयन् विरमाम्यहम्–

सुरसरस्वतीसमाराधनैकव्रतः

–सत्यव्रतः शास्त्री

जवाहरलालनेहरूविश्वविद्यालयस्थसंस्कृताध्ययनकेन्द्रमानदाचार्यः
पुरीस्थश्रीजगन्नाथसंस्कृतविश्वविद्यालयप्राक्तनकुलपतिश्च

दिल्ली २२.३.२००२

शुभाशंसनम्

रीतौर, २७.८.२००२

प्रिय मिश्रमहानुभाव, स्वस्ति।

भवदिच्छानुसारं पुस्तके मुद्रणाय 'शुभाशंसनं' लिखामि।

मैनपुरीवास्तव्यः श्रीप्रकाशचन्द्रः मिश्रः, सेवानिवृत्तोऽतिरिक्त-जिलाधिकारी मे परमः सुहृत् शिष्यश्च वर्तते। आयुषि सप्त-सप्ततितमे वर्षेऽनेन संस्कृताध्ययनं प्रारब्धम्। सम्प्रत्ययं षडशीतितमं वर्षं स्पृशति। प्रायशो वार्द्धके जनाः निराशाः, निरुत्साहाः, गतिहीनाश्च भवन्ति। तादृशे एव वार्द्धके दशभिर्वर्षैरेवानेन संस्कृते तादृशी निपुणता अर्जिता यदयं सम्प्रति काव्यं साधु निर्मातुं क्षमते। अयं संग्रहः यत्र एतन्निर्मिता विविध-विषयकाः श्लोकाः सन्ति अस्य कथनस्य साधु प्रत्यक्षञ्च उदाहरणम्।

यद्यपि सर्वेऽपि श्लोकाः हृद्याः पाठकानां मनांसि साधु रञ्जयितुं च शक्नुवन्ति तथापि नीतिश्लोकाः मे विशेषेण प्रियाः। एतेषु अलंकारसौन्दर्यं, कवेः निरीक्षणप्रतिभा, कल्पनाशक्तिः, जगति व्यवहाराय सन्मार्गश्च साधु द्रष्टुं शक्यन्ते।

एवमेव काव्यं प्रणयन्, शुभेन स्वास्थ्येन सौख्येन च समन्वितोऽयं चिरं जीव्याद् यशस्वी च भूयादिति कामयते

—प्रभुदत्त शर्मा
साहित्य-विभागे पूर्वप्रवक्ता,
श्रीएकरसानन्द संस्कृतमहाविद्यालयः, मैनपुरी
सम्प्रतिनिवासः रीतौर, इटावा (उ०प्र०)

निवेदनम्

साधारणतया चतुर्वेदिनः स्पष्टवादिनो भवन्ति विपरीतास्तु सन्त्यपवादरूपाः। तेषां मनोवाग्युद्धं तु कदाचिदेव जायते। यदेव तेषां मनःसु तदेव तेषां वचःस्वपि वर्तते। चतुर्वेदकुलोद्भवोऽहमात्मानमुत्सर्गमेव मन्ये। अस्तु।

यदैव यदेव मे मनसि स्फुरितं तदेव तदैवाहं लिपिबद्धमकरवम्। तादृश्यः रचनाः काव्याख्यां नार्हन्तीति मे सुविज्ञातम्। कविधर्मा तन्नामसार्थककरः शताब्दीष्वेव जायते तथापि स्वमनोगतं व्यक्तुकामः सर्व एव हि। स्वमनोभावाभिव्यक्तिर्न केवलं मनुष्याणामधिकार एव अपितु तेषां कर्तव्यमप्यस्ति। साहित्यसर्जनं प्रोत्साहयन्तीयं भावनैव जनैर्विविधं साहित्यं सर्जयति।

जीवनस्य षट्सप्ततितमे सप्तसप्ततितमे वर्षे वा मया लघुसिद्धान्तकौमुद्या अध्ययनं प्रारब्धम्। वन्द्यमानपादाब्जैः कृपामूर्तिभिः प्राचार्यपादैः श्री श्री ५ श्री रवीन्द्रनाथपन्तमहाभागैरहं शिष्यरूपेण स्वीकृतश्च। तदाप्रभृति मे व्याकरणाध्यययं प्रारब्धं यदद्यावधि निर्विघ्नं प्रचलति। सप्ताष्टवर्षाणि व्याकरणमधीयानस्य मे कियज्ज्ञातमिति ज्ञातुकामेन मया रचनाधर्मः स्वीकृतः। स्वरचनानामसारत्वं तु सुविज्ञातं मया किन्तु यथा जरसि जातमपत्यं पितुरतीव स्नेहभाजनं भवति तथैवाधिजरसं यद्रचितं तन्मह्यमतीव रोचेत अतः किमाश्चर्यम्। अतएव क्षम्योऽहं विद्वद्भिः सहृदयपाठकैश्च।

एतासु रचनासौष्ठवालङ्कारादिगुणान् मृगयमाणानां नैराश्योपलब्धिरेवेत्यपि जानामि। यद्येताः रचनाः विद्वद्भिः व्याकरणदोषविनिर्मुक्ता उद्घोष्यन्ते तर्हि स्वप्रयासं सफलीभूतं मंस्ये।

सर्वथैव गुणहीनाः रचना अनयैवाशया विदुषां करकमलेषु समर्प्यन्ते यत्तत्रभवन्तः एतासां दोषान् सानुग्रहं निःसङ्कोचं सूचयित्वा मामनुग्रहीष्यन्ति। अयमनुग्रह एवास्य पुस्तकस्यातिरिक्तं मूल्यमस्ति यन्यमह्यं सर्वैरेव पाठकैः सहर्षं देयम्। यदीयं कृपा क्रियते तर्हि आत्मानं परमुपकृतं मंस्ये।

विद्वद्भ्य इममनुग्रहं प्रतीक्षमाणो,

विदुषां कृपाभिलाषी

१५.११.२००२ —प्रकाशचन्द्रो मिश्रः

आभार स्वीकृति

सर्वप्रथम अपने पितृचरण स्वर्गीय श्री अमरनाथ जी मिश्र उर्फ भैये जी के नाम से प्रसिद्ध स्वतन्त्रता संग्राम के डिक्टेटर के रूप में कार्य करने वाले नेता तथा मैनपुरी नगर की प्राचीनतम साहित्यिक संस्था श्री माथुर चतुर्वेदी पुस्तकालय के संस्थापक के चरणों में अपनी सादर प्रणति निवेदित करता हूं। वे नारियल के फल की भांति बाहर से अत्यन्त कठोर किन्तु अन्तः से अत्यन्त कोमल एवं दयालु थे। उनको समझना सरल नहीं था। मुझे आदर्श मानव बनाने के लिये उन्होंने हर सम्भव प्रयास किये। संस्कृत, उर्दू, अंग्रेजी तथा संगीत सिखाने के लिये उन्होंने मेरे लिये कई शिक्षक नियुक्त किये। उनके सभी प्रयत्नों के बावजूद मैं कुछ भी न बन पाया जिससे नियति की अनुल्लंघनीयता पूर्णरूपेण सिद्ध होती है।

मातृपद को सार्थक करने वाली अपनी मातृश्री, स्वर्गीया ब्रजवती देवी चतुर्वेदी के चरणों में अश्रुपूर्ण नयनों से मैं अर्घ्य निवेदन करता हूं। अनौचित्य का यथाशक्ति विरोध करना उनकी चारित्रिक विशेषता थी। अपनी ताई जी स्वर्गीया श्रीमती यशोदा देवी उर्फ बहूरानी की जब याद आती है तब हृदय गद्गद हो जाता है। वह बालविधवा थीं। उनका जीवन तपोमय था। मेरे पिताश्री का जन्म मेरी ताई जी के विधवा होने के कई साल बाद हुआ। मेरे ताऊ जी की पंचत्व प्राप्ति से मेरे बाबा निःसन्तान हो गये। मेरी पूजनीय ताई जी के विशेष अनुरोध पर उन्होंने विवाह किया जिससे मेरे पिताश्री का जन्म हुआ। मेरी ताई जी ने मेरे पिता का, स्वयं मेरा तथा मेरी बहनों–श्रीमती करुणादेवी चतुर्वेदी एवं छोटी का पालन किया तथा मेरे दोनों पुत्रों चि० डा० सुधीरचन्द्र तथा चि० नरेशचन्द्र को माता से भी अधिक स्नेह दिया। उन्हीं की कृपा से यह वंश फल फूल रहा है। उनके श्रीचरणों में सादर नमन है।

स्वर्गीय श्री बाबा रघुबर दयाल जी चतुर्वेदी उनके दिवंगत छोटे भाई श्री बनारसीदास जी चतुर्वेदी तथा उनकी पुत्री स्वर्गीया पूती बुआ का अनुपम स्नेह भी मेरे जीवन की अपूर्व निधि है।

मेरे बड़े मामा स्वर्गीय श्री बनवारीलाल जी चतुर्वेदी अपने अतिथि सत्कार के लिये प्रसिद्ध थे। उनके विचार बड़े ही पवित्र एवं सात्त्विक

थे। उनके आवास से मिली हुई एक पगडंडी जाती थी जिस पर दिन में अनेक बटोही आया जाया करते थे। उन्होंने उस पगडंडी के पास ही अपने मकान में सीखचेदार एक दरवाजा लगवा लिया था। गर्मी के दिनों में जब आम आदमी घर के सभी दरवाजे बन्द कर लेता है तब वे उक्त दरवाजे को खोल कर लू के थपेड़े खाते हुए बैठे रहते थे और प्रत्येक बटोही को बड़े ही प्रेम से थोड़ा गुड़ एवं शीतल जल देकर ही जाने देते थे। उनके कुटुम्ब के एक धनाढ्य व्यक्ति ने एक बार उनसे कहा ''दद्दा, आप तो हरेक को रोक कर यहां बिठा लेते हो। इस बहाने कोई डाकू हमारा सब हाल ले जावेगा।'' उनकी इस बात के उत्तर में मेरे पूज्य मामा जी ने कहा ''भाई राहगीरों में तुम्हें डाकू दिखाई देते हैं किन्तु मुझे तो उनमें भगवान के दर्शन होते हैं।'' ऐसे परम सन्त के श्रीचरणों में श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। परमात्मा हम सभी को यह दृष्टि प्रदान करे।

मेरे चरित्र निर्माण के प्रेरणास्रोत मेरे अध्यापकगण—मेरे तत्कालीन हैडमास्टर श्री आर०डब्ल्यू० टॉमस (R.W. Thomas) तथा अध्यापक सर्वश्री स्वर्गीय पं० श्री धनपतराय जी चतुर्वेदी, स्वर्गीय पं० सीताराम पाण्डेय तथा डा० नरेन्द्रदेव सिंह जी हैं।

श्री टॉमस महाभाग ने एक बार यह निश्चय किया कि वे छात्रों की परीक्षा लें तथा जो छात्र उसमें उत्तीर्ण हों उन्हीं को हाई स्कूल की परीक्षा के लिये भेजें। इस पर उन्हें एक पत्र मिला जिसमें उन्हें मारने की धमकी दी गई थी। उन्होंने वह पत्र कक्षा में सुनाया और कहा कि ''लड़को तुम दुनिया को बता दो कि तुम्हारा हैडमास्टर डरपोक नहीं है। वह वही करेगा जो वह उचित समझता है। यह भी बताना कि वह प्रात: अमुक सड़क पर भ्रमण को जाता है। जो चाहे सो आकर उसे देख ले।'' उनकी निर्भीकता की छाप आज तक मेरे हृदय पर अक्षुण्ण है।

डा० सिंह साहब ने स्कूल में संस्कृत पढ़ाई। उनकी अध्यापनशैली अपूर्व थी। उनके पढ़ाये कुछ श्लोक अब भी मुझे याद हैं। श्री सीताराम जी पाण्डेय मेरे प्राईवेट ट्यूटर भी रहे थे। तीन मील दूर खरपरी गांव में मैं उनके पास पढ़ने जाता था। आजकल की तरह पुराने अध्यापक ट्यूशन की तलाश में नहीं घूमते थे। यदि किसी विद्यार्थी या उसके अभिभावक पर विशेष कृपा हुई तभी प्राईवेट ट्यूशन की जाती थी। यह संयोग ही था कि हाई स्कूल परीक्षा में वह मेरे कमरे में Invigilator थे।

संस्कृत का पर्चा था। मेरे पीछे की सीट पर जो विद्यार्थी था उसने मुझ से कहा कि तुम कुछ तिरछे बैठ जाना तो मैं नकल कर लूंगा। मैं तिरछा बैठा ही था कि पंडित जी ने कहा "प्रकाश सीधे बैठो"। ड्यूटी देने के बाद वह अपने स्कूल गये और उन्होंने यह बात पं० धनपतराय जी चतुर्वेदी को बताई। उन्होंने उसी दिन यह बात मेरे पिताश्री को बता दी। उन्होंने मुझे अच्छी खासी डाट पिलाई। इन सभी महानुभावों की चारित्रिक दृढ़ता देखकर उनके प्रति जो श्रद्धा जागृत हुई उसमें आजकल के अध्यापकों एवं अभिभावकों को धड़ल्ले से लाभ के कारण नकल कराते देखकर अनन्त वृद्धि हो गई है। सहसा मुंह से निकलता है "ऊधो कहां गये वे लोग"।

स्वर्गीय श्री सतीशचन्द जी उर्फ झाऊ जी भी चरित्र के धनी थे। वे Statistics Department में Dy. Director थे। उनहोंने रिटायरमैंट के बाद अष्टाध्यायी पढ़ी। उन्हीं की अष्टाध्यायी लेकर मैंने संस्कृत व्याकरण का अध्ययन किया। वे भी मेरे प्रेरणास्त्रोत हैं। नौकरी से अवकाश प्राप्त करके मैंने अपने नगर के श्री एकरसानन्द संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य पूज्यपाद कृपावतार श्री रवीन्द्रनाथ जी पन्त के चरणों में संस्कृत व्याकरण का अध्ययन किया। वृद्ध तोते को तो राम नाम सिखाना भी मुश्किल है। फिर व्याकरण जैसा दुर्बोध शास्त्र मुझ जैसे बूढ़े को पढ़ाना तो प्राचार्यपाद के ही बस की बात रही। एक ही बात को मैं अनेकों बार उनसे पूछता था किन्तु उनके चेहरे पर कभी शिकन भी नहीं आई। उनकी इसी सहनशीलता एवं क्षमाशीलता के कारण मैं थोड़ा बहुत जान पाया हूं। उनके श्रीचरणों में कोटिशः सादर एवं सश्रद्ध नमन।

इस युग के महावैयाकरण (१.१०.२००२ को दिवंगत) डा० भीमसेन जी शास्त्री की सुविख्यात भैमी व्याख्या ने भी मेरे व्याकरण ज्ञान में मेरी ग्रहणशक्ति के अनुसार वृद्धि की। संस्कृत जगत् उनका चिर ऋणी रहेगा। उनके श्रीचरणों में शतशः नमन।

काव्य के क्षेत्र में पूज्यपाद आचार्यचरण श्री प्रभुदत्त शर्मा जी ने अहैतुकी कृपा करके बहुत ही लगन व स्नेहपूर्वक मेरा मार्गदर्शन किया। उन्होंने कृपापूर्वक मेरी रचनाओं का यथेष्ट परिष्कार भी किया। उनके औदार्य एवं अहैतुकी गुरुकृपा को मैं मरते दम तक न भुला सकूंगा।

उनके श्रीचरणों में श्रद्धापूर्वक प्रणाम। उनके यशोमय दीर्घ जीवन के लिये मैं श्री वृन्दावन विहारी से हार्दिक प्रार्थना करता हूं। उनकी कृपा से हमारे आचार्यश्री दीर्घकाल तक विद्या प्रेमियों का मार्गदर्शन करें यही मेरी हार्दिक कामना है। श्री एकरसानन्द आदर्श महाविद्यालय के व्याकरणविभागाध्यक्ष पूज्यपाद श्री प्रभुदयाल जी पाण्डे तथा साहित्यविभागाध्यक्ष डा० शिवगोविन्द पाण्डे जी के दरवाजे मैंने हमेशा खुले पाये। उनके श्रीचरणों में बैठकर भी ज्ञानार्जन किया। इन दोनों आचार्यपाद को प्रणाम निवेदन करता हूं।

डा० इच्छाराम द्विवेदी 'प्रणव' जी की कृपा से मुझे मैनपुरी में संस्कृत के अनेक कवियों तथा विद्वानों का स्नेह प्राप्त हुआ। इनमें आचार्य डा० बच्चूलाल जी अवस्थी, डा० रमाकान्त जी शुक्ल, डा० राजेन्द्र मिश्र, डा० रामकरण जी शर्मा तथा डा० श्रीनिवासजी रथ प्रमुख हैं। इनकी सुबोध संस्कृत रचनाओं को सुनकर मुझे लिखने की प्रेरणा हुई। मैं इन सभी का कृतज्ञ हूं। डा० शुक्ल महोदय ने **अर्वाचीनसंस्कृतम्** (संस्कृत त्रैमासिक पत्रिका) में मेरी रचनाओं को ही प्रकाशित नहीं किया अपितु उन्होंने स्वयं मुझे भी प्रकाशित किया। यथावसर उन्होंने मेरा यथेष्ट मार्गदर्शन करके मेरे जैसे नवीन लेखक को बहुत ही प्रोत्साहित किया है। उनके प्रति कृतज्ञता प्रकाशित करने के लिये यथेष्ट शब्द नहीं हैं।

कुछ दिन पूर्व ही संस्कृत के महान् विद्वान् बड़ौदा के डा० ए०एन० जानी महोदय तथा परम वैयाकरण तथा कवि दिल्ली निवासी डा० सत्यव्रत जी शास्त्री जी के चरणों में बैठने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। नहीं कह सकता कि यह सौभाग्य किस जन्म के पुण्यों का फल है। किन्तु यह बात निःसन्देह है कि ऐसे सर्वथा निरभिमानी शास्त्रज्ञों की कृपा बड़े ही पुण्यों से प्राप्त होती है। इन दोनों महानुभावों की अहैतुकी कृपा के लिये इन दोनों महापुरुषों को किन शब्दों में धन्यवाद दूं यह नहीं समझ पाता। प्रभु से यही प्रार्थना है कि जिन विद्वानों की कृपा एवं स्नेह मुझे प्राप्त है उसमें मेरे जीवन के अन्तिम क्षणों तक कमी न आये।

साहित्य जगत् की अनुपम विभूति दिल्ली निवासी डा० सत्यव्रत शास्त्री जी मेरे साहित्यिक उत्तमर्ण हैं। उनकी अहैतुकी कृपा अविस्मरणीय है। पूज्य शास्त्री जी ने, मेरे नगर के परम प्रतिष्ठित परिवार में जन्मे

मिश्रवंशावतंस श्री विमल कुमार जी मिश्र ने तथा आचार्यपाद श्री प्रभुदत्त जी शर्मा ने इस पुस्तक को यथाशीघ्र प्रकाशित कराने की जो प्रेरणा समय-समय पर दी है उसके लिये इन सभी का मैं कृतज्ञ हूं।

पुस्तक लिखने में गृहकार्य की अवहेलना होना स्वाभाविक है। मेरी पाणिगृहीती सौ० श्रीमती सरोजिनी देवी ने जिस सहनशीलता का परिचय दिया है वह सर्वथा श्लाघनीय है। मेरी भार्या, मेरे पुत्र द्वय चि० डा० सुधीरचन्द्र एवं चि० नरेशचन्द्र तथा मेरे पौत्र चि० मुदित मिश्र एवं मेरी पौत्री आयुष्मती नमिता ने भी इस प्रकाशन के लिये जो प्रोत्साहन दिया है वह भी अविस्मरणीय है। इन सभी का स्नेह मेरे जीवन का सम्बल है। परमात्मा इन सभी को सर्वथा स्वस्थ, सम्पन्न, शान्तिपूर्ण दीर्घ जीवन प्रदान करे।

अनुजतुल्य मेरे परम स्नेही श्री दिनेश चन्द्र उर्फ बप्पू ने लेखन कार्य में मेरी सहायता की है। परमात्मा उन्हें तथा उनके लड़कों व नातियों को स्वस्थ, शान्त, सम्पन्न दीर्घ जीवन प्रदान करे। उनको अनेकानेक शुभकामनाएं।

इस पुस्तक की अनुक्रमणिका मेरी प्यारी पौत्री कुमारी नमिता ने बड़े ही मनोयोग एवं परिश्रम से तैयार की है। उसके लिए हृदय से शुभाशीष निकलना स्वाभाविक है। परमात्मा उसे सर्वरूपेण सुखी रखे।

उक्त सभी महानुभावों तथा अन्य सभी लोगों के प्रति जिनका आभार नाम लेकर नहीं किया जा सका है, मैं कृतज्ञता ज्ञापन करता हूं।

इस काव्य की स्फूर्ति एवं रचना मैनपुरी एवं दिल्ली में हुई है। मैनपुरी में '११४ मिश्राना' में तथा दिल्ली में 'बी २/८६ सेक्टर १७, रोहिणी' में। दोनों स्थानों को प्रणाम !

'प्रकाशकिरणावली' में संकलित कुछ रचनाओं को मैंने सुरभारती सेवा संस्थान मैनपुरी, कालिदास समारोह उज्जैन तथा देववाणी-परिषद्, दिल्ली में पढ़ा है। 'देववाणी-परिषद्, दिल्ली' ने 'प्रकाशकिरणावली' को अपने ९५वें ग्रंथ के रूप में प्रकाशित करना स्वीकार किया, तदर्थ मैं उसका आभारी हूं। साथ ही आभार व्यक्त करता हूं उन सहृदयों के प्रति जो इस पुस्तक को पढ़ने की कृपा करेंगे।

इति शुभम् !

१५.११.२००२ —प्रकाश चन्द्र मिश्र

ग्रन्थकार के

पितृचरण स्वर्गीय
श्री अमरनाथ जी मिश्र
उर्फ भैये जी

मातृश्री स्वर्गीया
श्रीमती ब्रजवती देवी चतुर्वेदी

ताई जी स्वर्गीया श्रीमती यशोदा देवी उर्फ बहूरानी

ग्रन्थकार
प्रकाशचन्द्र मिश्र

← (चित्रतिथि 30-11-2002) →

सहधर्मिणी
श्रीमती सरोजिनी देवी चतुर्वेदी

ग्रन्थकार परिवार के साथ



बैठे हुए : (बायें से दायें) श्रीमती सरोजिनी देवी चतुर्वेदी (पत्नी), श्री त्रिलोकीनाथ चतुर्वेदी (बहनोई), चि० अनन्त चतुर्वेदी, ग्रन्थकार प्रकाशचन्द्र मिश्र, श्रीमती सुशीला चतुर्वेदी (बहन),

खड़े हुए : श्रीमती मंजु चतुर्वेदी (पुत्रवधू), माधुरी वर्मा (प्रतिवेशिनी), श्रीमती कल्पना चतुर्वेदी (भागिनेय वधू), कु० नमिता मिश्र (पौत्री), डा० सुधीरचन्द्र (ज्येष्ठ पुत्र), चि० अतुल चतुर्वेदी (भागिनेय), श्री नरेशचन्द्र मिश्र (कनिष्ठपुत्र)

ग्रन्थकारदम्पती अपने पुत्र, पुत्रवधू, पौत्री तथा पौत्र मुदित (मध्य में बैठे हुए) के साथ (चित्रतिथि 22-12-1990)

समर्पणम्

(१)

यैरिमं जनं आदर्शपुरुषं कर्तुं बाल्यकाल एव अस्य जनस्य मनसि
गीर्वाणगिरानुरागं उप्तुमपि यथेष्टं प्रयतितं नारिकेलसमं
बहिरत्यन्तकठोरेभ्योऽन्तरतिस्नेहशीलेभ्यः स्वतन्त्रतासंग्रामे
डिक्टेटर—पदारूढेभ्यः 'भैये जी' इति प्रसिद्धेभ्यः
पूज्यश्रीपितृचरणेभ्यः श्रीअमरनाथमिश्रेभ्यः

(२)

आचार्यपदं सार्थकं कर्तृभ्यः स्वेन सदाचारेण प्रेरणास्रोतो—
भूतेभ्योऽभयमूर्तिभ्यः कर्तव्यनिष्ठेभ्यः साक्षात्सच्चरित्रेभ्यः
तदानीं मैनपुरी नगरस्थ मिशन हाई स्कूल इति
विख्यातस्य विद्यालयस्य प्रातःस्मरणीयेभ्यः
प्रधानाध्यापकमहाभागेभ्यः नाम्ना
श्री आर०डब्ल्यू टामस
महोदयेभ्यः

(३)

स्नेहस्य साक्षादवतारेभ्यः सर्वथानिर्दोषजीवनेभ्यः वस्तुतः
अजातशत्रुभ्यः मम मातुलपुत्रेभ्यः स्वर्गतेभ्यः
न्यायमूर्ति श्री ब्रजकिशोर चतुर्वेदि
महाभागेभ्यश्च सादरं समर्प्यते
पुस्तिकेयम।

दि० १५.११.२००२ —प्रकाशचन्द्रो मिश्रः

वाच्योऽहं न तु मे वचः

कविता कथ्यते या तु सा मां परिचिनोति नो ।
छन्दःशास्त्रस्य किञ्चिज्ज्ञः छन्दांस्येव तनोम्यहम् ॥१॥

कथ्यते यन्मया तत्तु सत्यं श्रेयस्करं परम् ।
नाचर्यते मया चेत्तत् वाच्योऽहं न तु मे वचः ॥२॥

—प्रकाश चन्द्र मिश्रः

प्रकाशकिरणावली

१. श्रीशारदास्तवः

वन्दे तां शारदां देवीं भक्तेभ्यो ज्ञानदायिनीम् ।
हंसो यद्वाहनीभूय नीरक्षीरविवेकवान् ॥१॥

मैं उन शारदा देवी को प्रणाम करता हूं जो-भक्तों को ज्ञान प्रदान करती हैं तथा जिनका वाहन होने के कारण हंस भी नीरक्षीर में विवेक करने लगता है।

२. श्रीविघ्नविदारणवन्दना

वन्देऽहं तमुमासूनुं विघ्ना यं स्मरतो जनान् ।
स्वप्नेऽपि नोपगच्छन्ति यथा भानुं तमांसि हि ॥१॥

मैं उन उमासुत श्रीगणेश जी की वन्दना करता हूं जिनका स्मरण करने वालों के समीप विघ्न उसी प्रकार नहीं आते जैसे कि सूर्य के समीप अन्धकार नहीं आता।

३. श्रीरामस्तवः

अभक्तं विषयासक्तं पाहि मां रघुनन्दन ।
पापाद्धेतोः परित्यक्तुं दीनपालक नार्हसि ॥१॥

हे रघुनन्दन श्री राम, यद्यपि मुझमें भक्ति का अभाव है और मैं विषयों में लिप्त हूं तथापि आप मेरी रक्षा करें। हे दीनपालक, मेरे पापों के कारण मेरा परित्याग करना आपके अनुरूप नहीं है।

सज्जनप्रीतिपात्राय दुष्टेभ्यो दण्डदायिने ।
शीलरूपाय भूपाय श्रीरामाय नमोऽस्तु मे ॥२॥

जो सज्जनों के प्रीतिपात्र हैं अथवा सज्जन जिनके प्रीतिपात्र हैं, जो शीलस्वरूप हैं ऐसे राजा श्रीराम को. प्रणाम है।

रघूणां कीर्तिभूताय निष्कारणकृपालवे ।
दात्रे चायाचकत्वस्य श्रीरामाय नमोऽस्तु मे ॥३॥

रघुवंश के कीर्तिस्वरूप, बिना कारण के कृपा करने वाले तथा अयाचकत्व प्रदान करने वाले श्रीराम को मेरा प्रणाम है।

गृहशान्तिसमृद्ध्यर्थं स्वात्मानन्दानुभूतये ।
गुणग्रामाभिरामाय श्रीरामाय नमोऽस्तु मे ॥४॥

घर में सुख, शान्ति एवं समृद्धि तथा आत्मानन्द की प्राप्ति के हेतु गुणागार एवं आनन्दकर भगवान् श्रीराम को मेरा प्रणाम है।

कामादिदोषैः परिपूरितोऽस्मि
स्वल्पापि भक्तिर्हृदि विद्यते नो ।
एतादृशोऽहं शरणं प्रपद्ये
त्रायस्व मां राघव दीनबन्धो ॥५॥

हे दीनबन्धु श्रीराम, यद्यपि मैं कामादि दोषों से परिपूर्ण हूं और मेरे हृदय में भक्ति का भी सर्वथा अभाव है तथापि ऐसा होने पर भी आपकी शरण में आ गया हूं अतः आप मेरी रक्षा करें।

४. श्रीकृष्णाद् याचितम्

मनः प्रियतमं पुंसां नालं तदहमर्पितुम् ।
कथ्यसे कर्षणात्कृष्णस्तस्मादाकर्ष तत्स्वयम् ॥१॥

सभी मनुष्यों को सबसे अधिक प्यारा मन होता है अतः मैं तो आपको मन समर्पण करने में सक्षम नहीं हूं। आकर्षण करने में समर्थ होने के कारण ही आप कृष्ण कहलाते हैं अतः आप स्वयं ही मेरे मन को अपनी ओर खींच लें।

गोपीनां मन्थजस्तेन मारमानापहारक ।
हे हे हरणशील त्वं हर मे मनसस्तमः ॥२॥

हे गोपीमाखन चोर, हे कामदेव के मान को हरने वाले आप मेरे मन के अज्ञानान्धकार को भी चुरा लीजिये क्योंकि चोरी करने की तो आपकी बान पड़ गई है।

---

१. शिक्ष+णिच्+शतृ=शिक्षयत्, तस्मै।

५. श्रीराधाराधनम्

आसृष्टेः हि सखीभूतः कृष्णः प्रीणाति यां सदा ।
वृषभानुसुतां तां तु कीर्तयेन्मनुजः कथम् ॥१॥

सृष्टि के आदि से ही श्रीकृष्ण जिनके सखा होकर सदा जिनको प्रसन्न करते रहते हैं उन भगवती वृषभानुसुता राधा की प्रशंसा मनुष्य कैसे कर सकता है?

नियन्त्री या नियन्तुर्हि मोहनस्यापि मोहिनी ।
वन्द्या च विश्ववन्द्यस्य सा राधा शरणं मम ॥२॥

जगन्नियन्ता का भी नियन्त्रण करने वाली, त्रिभुवन मोहन को मोहित करने वाली, विश्ववन्द्य भगवान् की भी वन्दनीय श्रीराधा मेरी एकमात्र शरण्य हैं।

नर्तयत्यखिलं विश्वं साक्षाद् यो जगदीश्वरः।
यां राधां परितः सैव नृत्यति तां नमाम्यहम् ॥३॥

सम्पूर्ण विश्व को नचाने वाला जगदीश्वर जिन राधा जी के चारों ओर नाचता रहता है उसी राजराजेश्वरी श्रीराधा को मैं प्रणाम करता हूं।

(१) उपान्वध्याङ्वसः १/४/४८ पर पढ़े गये ''अभितः परितः समयानिकषाहाप्रतियोगेऽपि'' वार्तिक से परितः के योग में द्वितीया का प्रयोग। (२) सैव=सः एव–''सोऽचि लोपे चेत्पादपूरणम्'' ६/१/१३२ से सः के स लोप करने पर स+एव=सैव।

६. श्रीपञ्चास्यपञ्चकम्

सर्वशक्तिनिधानं सन् योऽगेहश्च दिगम्बरः ।
त्यागं शिक्षयते तस्मै पञ्चास्याय नमो नमः ॥१॥

सर्वशक्तिमान होते हुए भी अगेह (जिसका कोई घर ही नहीं है) तथा दिगम्बर होकर जो त्याग की शिक्षा देता है उस पञ्चमुख भगवान शङ्कर को मेरा बारंबार प्रणाम है।

शिक्ष+णिच+शतृ–चतुर्थी एकवचन

पीत्वा महाविषं नित्यं जग्ध्वा धत्तूरकं फलम् ।
स्वस्थस्तिष्ठति यस्तस्मै पञ्चास्याय नमो नमः ॥२॥

जो हालाहल पान कर तथा धतूरे खा कर भी नित्य स्वस्थ रहता है उस पञ्चमुख महादेव को मेरा बारंबार प्रणाम है।

पीतं हालाहलं येन विश्वकल्याणकारिणा ।
तस्मै देवाधिदेवाय पञ्चास्याय नमो नमः ॥३॥

विश्व का कल्याण करने वाले जिन भगवान शंकर ने हलाहल विष का भी पान कर लिया उन देवाधिदेव भगवान महादेव को मेरा बारंबार प्रणाम है।

यत्पादप्लवमास्थाय भवाब्धिस्तीर्यते सुखम् ।
भुक्तिमुक्तिकृते तस्मै पञ्चास्याय नमो नमः ॥४॥

जिनके चरणों की नौका में बैठ कर संसार सागर बड़ी ही आसानी से पार किया जा सकता है तथा जो भुक्ति एवं मुक्ति प्रदान करने वाले हैं ऐसे श्री पञ्चमुख महादेव को मेरा बारंबार प्रणाम है।

सर्वथा कामशून्याय देवानां हितकाम्यया ।
गृहाश्रमप्रविष्टाय पञ्चास्याय नमो नमः ॥५॥

सर्वथा कामशून्य होने पर भी जिन्होंने देवताओं के हित के लिये गृहस्थाश्रम में प्रवेश किया ऐसे पञ्चमुख महादेवं को मेरा बारंबार प्रणाम है।

७. श्रीमहादेवमहिमा

विषपानप्रवीणोऽसि मस्तके ते सुधाकरः ।
तन्मे द्वेषविषं पीत्वा दद्याः प्रेमामृतं प्रभो ॥१॥

हे प्रभु, आप विषपान में प्रवीण हैं तथा सुधाकर आपके मस्तक पर विराजमान है अतः आप मेरे हृदय के विष को पी लीजिये और मुझे प्रेमामृत प्रदान कीजिये।

हालाहलं त्वया पीतं विश्वरक्षणहेतवे ।
सुरासुरनरैस्तेन महादेवस्त्वमुच्यसे ॥२॥

हे भगवन् ! आपने विश्व की रक्षा करने के लिये हालाहल विष का पान कर लिया इसी कारण सुर असुर तथा मनुष्य आपको महादेव कहते हैं।

८. श्रीजगन्नाथवन्दनम्

नंनम्येऽहं जगन्नाथं नाथद्वारि प्रतिष्ठितम् ।
यत्प्रसादेन संतृप्ताः क्षुध्यन्तीह न मानवाः ॥१॥

श्रीनाथद्वार में प्रतिष्ठित मैं उन श्रीजगन्नाथ भगवान् को प्रणाम करता हूं जिनके प्रसाद से संतृप्त होने पर मनुष्य फिर भूख से प्रताड़ित नहीं होता।

टिप्पणी—श्री नाथद्वार के मन्दिर में छप्पन भोग का प्रसाद लगता है।

९. चौराधिपचतुष्कम्

विपन्नकृष्णापरितापचौरं ग्राहाग्रहीतद्विपदुःखचौरम् ।
सख्युर्दरिद्रस्य च दैन्यचौरं चौराधिपं कृष्णमहं नमामि ॥१॥

घोर विपत्ति में पड़ी हुई द्रौपदी की व्यथा, ग्राह द्वारा पकड़ लिये गये गज के कष्ट तथा अपने मित्र सुदामा की दीनता को चुराने वाले चौर शिरोमणि श्रीकृष्ण को मेरा नमस्कार है।

रासोत्सवे गोप्यभिमानचौरं कामस्य तत्रैव च मानचौरम् ।
स्निग्धार्जुनस्यापि विमोहचौरं चौराधिपं कृष्णमहं नमामि ॥२॥

महारास में गोपियों का गर्व तथा कामदेव का मान चुराने वाले एवं अपने प्रिय सखा अर्जुन के मोह को चुराने वाले चौराधिप श्रीकृष्ण को मेरा नमस्कार है।

अहं करोमीत्यभिमानचौरं दुर्वृत्तदुःशासनदर्पचौरम् ।
कंसस्य पापस्य च प्राणचौरं चौराधिपं कृष्णमहं नमामि ॥३॥

'मैं कर्ता हूं' इस अभिमान को चुराने वाले, दुष्ट दुःशासन के दर्प को चुराने वाले तथा पापी कंस के प्राणों को चुराने (हरने) वाले चौराधिप श्रीकृष्ण को मेरा नमस्कार है।

अनन्यभावार्चकपापचौरं तद्ध्यायतः कृत्स्नतमिस्त्रचौरम् ।
स्वदासवृन्दस्य च तापचौरं चौराधिपं कृष्णमहं नमामि ॥४॥

अपने अनन्योपासकों के पापों को, अपना ध्यान करने वालों के सम्पूर्ण अज्ञानान्धकार को तथा अपने दासों के त्रितापों को चुराने वाले चौराधिप श्रीकृष्ण को मेरा प्रणाम निवेदित है।

१०. महादेव्याराधनम्

जगन्मातर्महादेवि सर्वमङ्गलकारिणि ।
स्वकीयां नः कृपां देहि प्रसीद परमेश्वरि ॥१॥

हे सम्पूर्ण जगत की माता, सब का मंगल करने वाली परमेश्वरी महादेवी, आप हम पर प्रसन्न हों और हमें अपनी कृपा प्रदान करें।

त्यक्तगर्ह्या वयं स्याम पुण्यभाजश्च सर्वदा ।
अस्माकं दुष्प्रवृत्तीश्च दूरीकुर्याः प्रतिक्षणम् ॥२॥

हम लोग निन्दनीय का त्याग करने वाले तथा पुण्य कर्मों के करने वाले हों। हे देवि, आप हमारी सभी दुष्प्रवृत्तियों को प्रतिक्षण दूर करती रहें।

दत्तचित्ताः शुभे लाभे भवेमाहं च मामकाः ।
अस्मभ्यमशुभो लाभो रोचतां न मनागपि ॥३॥

मेरी अपनी तथा मेरे सभी स्वजनों की शुभ धनोपार्जन में ही प्रवृत्ति हो। अशुभ लाभ में हम लोगों की किञ्चिन्मात्र भी रुचि न हो।

टिप्पणी : यहां अहं उत्तम पुरुष है तथा मामकाः यह प्रथम पुरुष का बहुवचन है। अतः यहां पर उत्तम पुरुष के बहुवचन "भवेम" (विधिलिङ्) का प्रयोग किया गया है। भैमी व्याख्या द्वितीय भाग, पृष्ठ २० द्रष्टव्य है।

असत्यप्रति नायातु जीवने नः कदाचन ।
साधूनां सङ्गतिर्नित्यं स्यादस्माकं पदे पदे ॥४॥

हमारे जीवन में असत्य का रञ्च मात्र भी प्रवेश न हो। हमें पग-पग पर सत्संगति ही मिलती रहे।

यावज्जीवं हरेर्भक्तिः सम्बलं नः सदा भवेत् ।
दारिद्र्यं दुर्मतिं दुःखं दूरीकुरु हरिप्रिये ॥५॥

हे हरिप्रिये ! मुझे जीवन में सदा ही भगवद्भक्ति का आश्रय मिलता रहे तथा आप मेरी दरिद्रता, कुबुद्धि एवं दुःखों को दूर करती रहें।

आयान्तु याचका नित्यं निर्याच्याश्च प्रयान्तु ते ।
उत्सवाः स्युर्नवाः नित्यं सर्वदा त्वत्प्रसादतः ॥६॥

(हे देवि !) आपकी कृपा से नित्य याचक लोग मेरे घर आयें और वे वहां से निर्याचक हो कर जावें। हमारे घर में नित्य नवीन उत्सव होते रहें।

बलं देह्यभयं देहि यस्माद्धि बिभयाम नो ।
रक्ष्यं सदैव रक्षाम त्वत्कृपातो महेश्वरि ॥७॥

आप हमें बल तथा अभय प्रदान करें जिससे हम आपकी कृपा से रक्षणीय लोगों की सदा रक्षा करें।

सर्वदा सर्वदासीति सत्यमेवोच्यते बुधैः ।
शक्तिरूपे महादेवि सम्पदस्ते कृपाफलम् ॥८॥

बुद्धिमान लोग यह ठीक ही कहते हैं कि आप सदैव सब कुछ देने वाली हैं। हे शक्तिरूपे महादेवी, सम्पत्ति तो आपकी कृपा का ही फल है।

याचितं क्वापि नो मातर्यदन्यद्धितकारकम् ।
त्वया तदपि दातव्यमस्मभ्यं हितकाम्यया ॥९॥

हे माता, अपना हितकारक जो अन्य आप से न मांगा हो वह भी हमारे हित को ध्यान में रख कर हमें दीजिये।

११. महर्षिपाणिनीयपादाभिवन्दनम्

विद्यारत्नाकरो नूनं पाणिनीयं यदुच्यते ।
महारत्नानि गृह्णन्ति यथाशक्ति ततो नराः ॥१॥

जिसको पाणिनीय व्याकरण कहा जाता है वह वास्तव में विद्या का रत्नाकर है जिससे लोग अपनी शक्ति के अनुसार बहुमूल्य रत्न लेते रहते हैं।

यस्य ज्ञानं विना पुंसां वाणी शुद्धा न जायते ।
तस्य शास्त्रस्य कर्तारं दण्डवत्प्रणमाम्यहम् ॥२॥

जिस शास्त्र के ज्ञान के बिना लोग शुद्ध बोल भी नहीं सकते उस (व्याकरण) शास्त्र के रचयिता महर्षि पाणिनि को मैं दण्डवत् प्रणाम करता हूं।

१२. श्रीगुरुगरिमा

अज्ञानतिमिरान्धाय ज्योतिर्दत्ते गुरोः कृपा ।
तत्कर्तुमक्षमो भानुस्तस्माद् गुरुतरो गुरुः ॥१॥

अज्ञानान्धकार से अन्धे मनुष्य को गुरु की कृपा ज्योति प्रदान करती है। यह काम तो स्वयं सूर्य भी नहीं कर सकता। अतः गुरु अधिक बड़ा है।

१३. श्रीमद्भगवद्गीता

पेयं गीतामृतं नित्यं सर्वैः कल्याणकाङ्क्षिभिः ।
साक्षाद् भगवता दत्तं लोकानुग्रहकाङ्क्षया ॥१॥

कल्याण की कामना करने वाले सभी लोगों को नित्य ही उस गीतामृत का पान करना चाहिए जो कल्याण की भावना से स्वयं भगवान द्वारा दिया गया है।

दुःसाध्यभवरोगाणामौषधं ह्येतदुत्तमम् ।
कण्ठमार्गेण हृद्देशं प्रापणीयं प्रयत्नतः ॥२॥

कष्टसाध्य सभी भव रोगों की यह एक मात्र उत्तम औषध है। अतः बड़े ही प्रयत्न से इसे कण्ठमार्ग द्वारा हृदय में पहुंचाना चाहिए।

इत्थं कृते झटित्येव भवेन्ना निर्भयः सदा ।
भूरियं नरकीभूता क्षिप्रं नन्दनतां व्रजेत् ॥३॥

ऐसा करने पर (गीता को पढ़ कर उसे हृदयंगम करने से) मनुष्य सदा के लिये निर्भय हो जावेगा तथा यह पृथ्वी जो नरक तुल्य हो गई है वह शीघ्र ही नन्दन वन बन जावेगी।

'उद्धरेदात्मानात्मानं नात्मानमवसादयेत्' ।
इमं मन्त्रं ददौ या सा गीता कस्मै न रोचते ॥४॥

मनुष्य को स्वयं अपना उद्धार करना चाहिये। जिस गीता ने यह उपदेश दिया है वह किसे प्रिय नहीं है।

गीतैकं शरणं नृणां ज्ञानानां ज्ञानमुत्तमम् ।
विनैतद्धि गतिर्नास्ति गतिर्नास्तीति तत्त्वतः ॥५॥

गीता ही एक मात्र शरण्य है। यह सभी ज्ञानों में सर्वोत्तम ज्ञान है। वास्तव में गीता के बिना लोक का उद्धार सम्भव नहीं है।

१४. जयेत्सा सुरभारती

मनुष्यं निर्मलस्वान्तं ततः कर्तुं नरोत्तमम् ।
सदैव यतते या हि जयेत्सा सुरभारती ॥१॥

मनुष्य के अन्तःकरण को निर्मल बना कर उसे भगवत्स्वरूप प्रदान करने के लिये जो सदा ही प्रयत्नशील रहती है ऐसी देववाणी संस्कृत की जय हो।

स्वानि कर्माणि कुर्वन्तः संसिद्धिं यान्ति मानवाः।
इत्युपदेशदात्री या जयेत्सा सुरभारती ॥२॥

मनुष्य स्वकर्तव्य पालन करने से ही सिद्धि या मोक्ष को प्राप्त कर लेता है। यह उपदेश देने वाली देववाणी की जय हो।

आत्मवत्सर्वभूतेषु वर्ततामिति शासती ।
उन्मीलयति चक्षूंषि जयेत्सा सुरभारती ॥३॥

लोगों को ऐसा व्यवहार करना चाहिये जैसा वे दूसरों से अपने प्रति चाहते हैं। यह निर्देश देने वाली देववाणी की जय हो।

वसुधैव कुटुम्बं मे घोषं विद्वेषनाशकम् ।
या करोति जगन्माता जयेत्सा सुरभारती ॥४॥

जो आपसी विद्वेष को नष्ट करने वाला यह उद्घोष करती है कि सारी वसुन्धरा ही अपना कुटुम्ब है, ऐसी जगज्जननी देववाणी की जय हो।

हतो यो रिपुभिः षड्भिस्तस्य जीवातवे हि या ।
ब्रह्मज्ञानसुधादात्री जयेत्सा सुरभारती ॥५॥

कामक्रोधादि छः शत्रुओं ने जिसे मार डाला है ऐसे जीव को पुनर्जीवित करने के लिये ब्रह्मज्ञानरूपी अमृत पिलाने वाली देववाणी की जय हो।

वाल्मीकिव्यासमन्वाद्यैः कालिदासादिभिस्तथा ।
वन्द्यमानपदाब्जा या जयेत्सा सुरभारती ॥६॥

बाल्मीकि व्यास एवं मनु जो आद्य या प्रमुख कवि हैं तथा कालिदास आदि के द्वारा जिसके चरणकमलों की वन्दना की गई है उस देववाणी की सदा जय हो।

अर्थदा या न सा विद्या सा विद्या या विमुक्तये ।
विवेकं या ददातीमं जयेत्सा सुरभारती ॥७॥

जिससे धन की प्राप्ति हो वह विद्या नहीं होती। विद्या तो वह होती है जो मनुष्य को बन्धन मुक्त कर दे। ऐसा विवेक देने वाली देववाणी की जय हो।

मृतेति कथ्यते मूढैः मृत्युभीतिविनाशिनी ।
अमरत्वप्रदात्री या जयेत्सा सुरभारती ॥८॥

जिसे मूर्ख लोग मृत कहते हैं किन्तु जो मृत्युभय का नाश करने वाली तथा अमरत्व प्रदान करने वाली है उस देववाणी की विजय हो।

१५. मेघमहिमा

प्राप्तं क्षारं जलं यस्तु मिष्टीकृत्य प्रयच्छति ।
ईदृगुदारचेतास्तु मेघादन्यो न दृश्यते ॥१॥

जो खारी जल को भी मीठा करे के देता है ऐसा उदारमना दाता मेघ के अतिरिक्त और कोई नहीं दिखाई देता।

आगतेभ्यः प्रयच्छन्ति दातारः सर्व एव हि ।
स्वयमागत्य दातारं प्रशंस्यान्यम्बुदं कथम् ॥२॥

मांगने के लिये आने वालों को तो सभी देते हैं किन्तु जो स्वयं आकर देता है ऐसे मेघ की प्रशंसा कैसे करूं।

सन्ताप्य जगतीं सर्वां रविर्यस्तु पलायितः ।
चरन्ति दिक्षु तं बन्द्धुं तडित्पाशाः पयोधराः ॥३॥

सम्पूर्ण पृथ्वी को सन्तप्त कर के जो सूर्य भाग गया है उसे पकड़ने के लिये बिजली की रस्सी हाथ में लेकर पयोधर चारों ओर घूमते हैं।

१६. कस्य दूषणम् ?

नेतारो वञ्चने दक्षा जनता स्वार्थसाधिका ।
देशे कुशासनं व्याप्तं न जाने कस्य दूषणम् ॥१॥

नेता लोग धोखाधड़ी करने में प्रवीण हैं तथा जनता येन केन प्रकारेण अपना स्वार्थ साधना चाहती है। सम्पूर्ण देश में कुशासन व्याप्त है। यह नहीं कहा जा सकता कि दोष किस का है।

न्यायाधीशा न निष्पक्षाः साक्षिणोऽसत्यभाषिणः ।
न्यायो न्यायालयाद्भीतो न जाने कस्य दूषणम् ॥२॥

न्याय करने वाले निष्पक्ष नहीं हैं तथा गवाह झूठ बात कहते हैं परिणामतः न्याय भी भयभीत हो कर न्यायालय से भाग गया है। पता नहीं दोष किस का है।

पुत्रीयन्ति स्म ये शिष्यान् गुरवस्तेऽद्य दुर्लभाः ।
पित्रीयन्ति न छात्रास्तान् न जाने कस्य दूषणम् ॥३॥

शिष्यों से पुत्रवत् व्यवहार करने वाले गुरु अब दुर्लभ हो गये हैं। शिष्य भी अब गुरुजनों को पितृतुल्य आदर नहीं देते किन्तु यह नहीं कहा जा सकता कि दोष किस का है।

छात्रा नैव पठन्त्यत्र शिक्षयन्ति न शिक्षकाः ।
स्वनाशं शङ्कते विद्या न जाने कस्य दूषणम् ॥४॥

अब न तो छात्र पढ़ते हैं और न शिक्षक पढ़ाते ही हैं। विद्या को अपना सर्वनाश दिखाई दे रहा है पर कहा नहीं जा सकता कि दोष किस का है।

चन्दनैश्चर्चिताः काका राजहंसा उपेक्षिताः ।
व्यत्यासोऽपूज्यपूज्यानां न जाने कस्य दूषणम् ॥५॥

आजकल कौओं को चन्दन लगाया जाता है तथा राजहंसों की उपेक्षा की जाती है। जो अपूज्य हैं वे पूज्य बन गये हैं तथा पूज्य अपूज्य हो गये हैं पर कहा नहीं जा सकता कि दोष किस का है।

देशे धर्म इवोत्कोचो वञ्चनं च विदग्धता ।
कातर्यं राजनीतिश्च न जाने कस्य दूषणम् ॥६॥

देश में रिश्वत धर्म, ठगी चतुरता तथा डरपोकपन राजनीतिक बन गये हैं, पर पता नहीं कि दोष किस का है।

सज्जना भयसन्त्रस्ता निर्भया उग्रकारिणः ।
लुप्तं तन्त्रं प्रजातन्त्रे न जाने कस्य दूषणम् ॥७॥

आजकल भले आदमियों को तो डर लगा रहता है किन्तु उग्रवादी निर्भय हो रहे हैं। प्रजातन्त्र में तन्त्र यानी शासन का पूर्णतया लोप हो गया है पर पता नहीं कि दोष किस का है।

अन्तरेण हि मानुष्यं देशे सर्वं विनिर्मितम् ।
अनर्थोऽयं महाञ्जातो न जाने कस्य दूषणम् ॥८॥

देश में मनुष्यता के निर्माण के अतिरक्त अन्य सभी चीजों का निर्माण हो रहा है। यह महान् अनर्थ हो रहा है किन्तु कहा नहीं जा सकता कि दोष किस का है।

विषमा हि वयं सर्वे स्वकर्तव्यपराङ्मुखाः ।
परस्परं विनिन्दामो न जाने कस्य दूषणम् ॥९॥

हम सभी बेईमान तथा अपने कर्तव्य से जी चुराने वाले हो गये हैं और सभी एक दूसरे की बुराई करते हैं पर पता नहीं दोष किस का है।

कबन्धः

श्रुतं मयेदं किल बाल्यकाले
इन्द्रारिरासीद्धि कबन्धनामा ।
मूर्ध्ना विहीनोऽपि न दृष्टिहीनो
नेत्रे विधात्रा जठरे कृते वै ॥१॥

मैने बाल्यकाल में यह सुना कि कबन्ध नामक कोई राक्षस था जिसके सर नहीं था तथापि वह अन्धा नहीं था क्योंकि विधाता ने उसकी आंखें उसके पेट में बनाईं थीं।

श्रुतो न केनापि न दृष्टपूर्वो
न साम्प्रतं लभ्यत एव भूमौ ।
विचारयंस्तत्प्रकृतेर्विरुद्धं
मिथ्या भृशं सर्वमहं हि मेने ॥२॥

ऐसा जीव न पहले किसी ने सुना ही था और न देखा ही था और अब भी कहीं दिखाई नहीं देता। यह बात चूंकि प्रकृति के विरुद्ध है अतएव मैंने इस बात को सर्वथा झूठ माना।

जीवेत्तु लोको यदि वा म्रियेत
येषां न चिन्ता क्षणमात्रमेषा ।
स्वार्थव्रताः किञ्च विवेकहीना
नाम्ना कबन्धाः खलु ते जघन्याः ॥३॥

अन्य लोग जीते हैं या मरते हैं इस बात की जिन्हें रंचमात्र भी चिन्ता नहीं, जिन्हें केवल अपने स्वार्थसाधन की ही चिन्ता रहती है ऐसे विवेकहीन पुरुषों को ही कबन्ध कहा जाता है।

पाशे विनष्टे परतन्त्रतायाः
दृष्टं परं विस्मयकारि दृश्यम् ।
भेका यथा प्रावृषि यत्र तत्र
तथा कबन्धा विचरन्ति मुक्ताः ॥४॥

देश की परतन्त्रता समाप्त होते ही एक अत्यन्त आश्चर्यकर दृश्य दिखाई देने लगा। वर्षा ऋतु में जैसे मेंढक यहां वहां बहुतायत से दिखाई देते हैं वैसे ही देश में कबन्ध भी परम स्वतन्त्र होकर घूमने लगे।

दुर्भाग्यमेतत्खलु यत्कबन्धै-
र्बलाच्च धौर्त्याद् धृतमस्ति तन्त्रम् ।
चमत्कृतस्तद्विभवेन लोको
बाहुल्यमेषामत एव जातम् ॥५॥

यह देश का दुर्भाग्य है कि बल तथा धूर्तता से कबन्धों ने देश के शासन की बागडोर हाथ में ले ली। उनका ऐश्वर्य देखकर लोगों की आंखें चौंधिया गई। यही कारण है कि देश में कबन्धों का बाहुल्य हो गया।

रात्रौ तु वप्रान्गवयाश्चरन्ति
देशं कबन्धास्तु दिवा च रात्रौ ।
प्रतिक्षणं सीदति तेन लोकः
शनैर्निमज्जन् गहनान्धकारे ॥६॥

नील गायें तो खेतों को रात में ही चरती हैं किन्तु कबन्ध तो देश को रात दिन चरे डाल रहे हैं जिसके कारण देश की जनता धीर-धीरे गहन अन्धकार में डूबती चली जा रही हैं तथा कष्ट के कारण अत्यन्त दुःखी हो रही हैं।

कबन्धनाशोऽस्ति जगद्धिताय
जीवत्सु चैतेषु जगद्विनाशः ।
उच्छेदनार्थं हि समूलमेषां
कुर्याम यत्नं स्वबलानुरूपम् ॥७॥

कबन्धों के विनाश में ही लोक कल्याण है। कबन्धों के जीवित रहने से लोक का विनाश ही होगा। अतः हम सभी लोगों को कबन्धों के विनाश के लिये हर सम्भव प्रयत्न करना चाहिये।

प्रतिष्ठितो यो हृदये कबन्धो
निष्कासनीयः स विना विलम्बम् ।
इत्थं कृते बाह्यचरा कबन्धा
नंक्ष्यन्ति वेत्स्यन्ति जनाश्च मोदम् ॥८॥

हमारे अपने हृदय में जो कबन्ध बैठा हुआ है हमें शीघ्रातिशीघ्र उसको नष्ट कर देना चाहिये। ऐसा करने पर सभी बाहर घूमने वाले कबन्ध भी स्वयं नष्ट हो जायेंगे और लोग चैन की सांस लेने लगेंगे।

प्रकाशचन्द्रमिश्रस्य कबन्धाख्यानकं शुभम् ।
सविवेकं पठेद्यस्तु धर्मान्नो स विचाल्यते ॥९॥

प्रकाशचन्द्र मिश्र द्वारा कहे गये इस शुभ कबन्धाख्यान को जो भी विवेक से पढ़ेगा वह कभी धर्म से च्युत नहीं होगा।

१८. कु

भेत्तुं नाशाकि कृष्णेन मोहो यस्तु किरीटिनः।
क्षिप्रं सैव पितुर्मोहः कुपुत्रेण विनाश्यते ॥१॥

अर्जुन के जिस मोह को स्वयं भगवान् कृष्ण भी नष्ट न कर पाये कुपुत्र अपने पिता के उसी मोह को क्षण भर में ही नष्ट कर देता है।

दुःसाध्यरोगतप्तस्य कष्टाद्विलपतो भृशम्।
क्षणेनैव कुवैद्येन कष्टं सर्वं समाप्यते ॥२॥

दुःसाध्य रोग से तप्त तथा पीड़ा से रोते हुए मनुष्य का सम्पूर्ण कष्ट कुवैद्य एक क्षण में दूर कर देता है।

मोहजाले सुभार्या तु बध्नाति स्वपतिं प्रियम्।
छिनत्ति प्रसभं तत्तु कुभार्या हितकारिणी ॥३॥

अच्छी पत्नी अपने पति को मोह जाल में बांध देती है किन्तु हितकारिणी कुभार्या उस मोहजाल को क्षणमात्र में ही तोड़ देती है।

कुशब्दालङ्कृताः सर्वे जनस्य हितकारिणः।
अस्वादुहितशब्दः कु रोचते मे यथौषधम् ॥४॥

जो भी कुशब्द से अलङ्कृत हो जाता है वही हितकारी बन जाता है अतः यह कु शब्द बुरा होते हुए भी मुझे उसी तरह अच्छा लगता है जैसे कुस्वादु या कड़वी दवा।

टि०–कु शब्द अव्यय है अतः "स्वमोर्नपुंसकात्" प्रवृत्त होता है।

१९. ममत्वमीमांसा

शक्तिः क्षेमाय सप्रेमा निष्प्रेमा सा भयङ्करा।
प्रेमाणं हि ततो मन्ये साक्षाज्जगति शङ्करम् ॥१॥

प्रेमयुक्त शक्ति लोक कल्याण करती है। प्रेम से शून्य शक्ति भयोत्पादिनी होती है। अतएव मेरा विचार है कि जगत् का कल्याण करने वाला एकमात्र तत्त्व प्रेम ही है।

तस्य प्रेम्णस्तु सञ्चारो ममत्वेनैव जायते ।
आद्यं शुभकरं तस्मान्ममत्वं मे प्रतीयते ॥२॥

उस प्रेम का संचार ममत्व से ही होता है। अतः मुझे यह प्रतीत होता है कि ममत्व प्रमुख श्रेयस्कर तत्त्व है।

अधमं मध्यमं श्रेष्ठं ममत्वं त्रिविधं मतम् ।
अतस्तद् विबुधैर्ग्राह्यं सर्वदैवोत्तरोत्तरम् ॥३॥

ममत्व भी अधम, मध्यम तथा श्रेष्ठ कोटियों का होता है। इसलिए बुद्धिमानों को उचित है कि वे उत्तरोत्तर कोटि के ममत्व को ग्रहण करें अर्थात् अधम के स्थान पर मध्यम तथा मध्यम के बजाय श्रेष्ठ ममत्व को अपनावें।

व्यष्ट्यहङ्कारजातं तु ममत्वं हीनमुच्यते ।
बध्यन्ते तेन लोका हि तस्मात्त्याज्यं सदा बुधैः ॥४॥

अपनी व्यक्तिगत सत्ता से उत्पन्न ममत्व (अर्थात् यह मेरा पुत्र या पुत्री है) हीन कोटि का ममत्व है और मनुष्य को बन्धन में डालता है अतः विवेकशील व्यक्ति को उसका सर्वथा त्याग करना चाहिए।

एकेश्वरसमुद्भूता वसुधैव कुटुम्बकम् ।
इति मत्त्वा ममत्वं यद् मध्यमं तत्प्रकीर्तितम् ॥५॥

यह सम्पूर्ण भूमण्डल या विश्व एक ही प्रभु से उत्पन्न है अतः यह सम्पूर्ण विश्व मेरा कुटुम्ब है। इस भावना से ओतप्रोत ममत्व मध्यम श्रेणी का है।

विविधानि स्वरूपाणि दृश्यन्ते यानि सर्वतः ।
व्याप्तोऽहं तेषु सर्वेषु तच्छ्रेष्ठमिति निश्चितम् ॥६॥

विश्व में जितने भी स्वरूप दिखाई देते हैं उन सभी में आत्मा रूप से मैं ही व्याप्त हूं। इस भावना से उत्पन्न ममत्व श्रेष्ठ होता है।

अस्थाने गर्हितं लोके ममत्वं नात्र संशयः ।
व्याप्य लोकं हितं तद्धि तस्मात्तस्मै नमोऽस्तु मे ॥७॥

लोक में ममत्व की जो निन्दा होती है वह यथार्थ में उचित नहीं है। जो ममत्व लोक व्यापी होता है वह नितान्त हितकर होता है अतः उसको मेरा नमस्कार है।

२०. पर्जन्यपञ्चकम् (कन्यावृत्तं)

संगृह्यापो भूमावब्धिः ।
तद्दत्त्वा खे मेघो धन्यः ॥१॥

पानी का संग्रह या संचय करने वाला सागर जमीन पर पड़ा है। जल का दान करने वाला मेघ धन्य है, अतः वह आकाश में विचरण करता है।

द्वारं द्वारं गत्त्वा दत्ते ।
पानीयं यो मेघो धन्यः ॥२॥

घर-घर जाकर जल देने वाला मेघ धन्य है।

सन्तप्तारं भानुं बन्द्धुं ।
विद्युद्रज्जुर्मेघो धन्यः ॥३॥

बिजलीरूपी रस्सी को लेकर विश्व को जलाने वाले सूर्य को पकड़ने के लिये घूमने वाला मेघ धन्य है।

क्षारं तोयं क्षीरं कृत्वा ।
नृभ्यो दत्ते मेघो धन्यः ॥४॥

खारे पानी को मीठा करके देने वाला मेघ धन्य है।

तप्तं विश्वं तृप्तं कृत्वा ।
रिक्तीभूतो मेघो धन्यः ॥५॥

गर्मी में झुलसते हुए विश्व को जल से तृप्त कर खाली हो जाने वाला मेघ धन्य है।

२१. माभिमानं कृथाः

कोऽपि मूर्खो न विद्वान् धनी वाऽधनी
जायते स्वेच्छयास्यां जगत्यां सखे ।
यद् भवत्यत्र तल्लीलयैव प्रभो
माभिमानं कृथा माभिमानं कृथाः ॥१॥

हे मित्र इस संसार में अपनी इच्छा से न कोई मूर्ख होता है, न विद्वान् होता है, न धनी या निर्धन ही होता है—यहां जो भी होता है वह प्रभु की लीला से ही होता है। अतः तुम अभिमान मत करो—तुम अभिमान मत करो।

अग्निवर्णोऽपि जातो रघूणां कुले
येन तेषां यशः कृष्णतां प्रापितम् ।
कालचक्रं स्वयं मन्यते स प्रभुः
माभिमानं कृथा माभिमानं कृथाः ॥२॥

रघुवंशियों के उत्तम कुल में भी अग्निवर्ण नाम का राजा उत्पन्न हो गया जिसने उस वंश की उज्ज्वल कीर्ति को मिट्टी में मिला दिया। स्वयं भगवान् भी कालचक्र का आदर करते हैं। तुम अभिमान मत करो।

दर्पमूर्तिस्तु दुर्योधनो मूढधीः
कारिता येन नग्ना सती द्रौपदी ।
भीमभीत्याप्सु तेनैव गूढं वपुः
माभिमानं कृथा माभिमानं कृथाः ॥३॥

जिस अभिमानी दुर्योधन ने सती द्रौपदी को नग्न करवाया उसी दुर्योधन को भीम के भय से पानी के भीतर अपने शरीर को छिपाना पड़ा। अतः अभिमान मत करो।

भारते सङ्गरे लब्धकीर्तिर्जनो
गोपिकारक्षणे नष्टवीर्योऽभवत् ।
क्रीडकः श्रीहरिः शारका मानवा
माभिमानं कृथा माभिमानं कृथाः ॥४॥

महाभारत के युद्ध में जिसने अपनी कीर्ति का झंडा फहरा दिया वही अर्जुन कुछ काल के बाद गोपियों की रक्षा करने में भी अशक्त हो गया। विश्व के रंगमंच पर खिलाड़ी तो एकमात्र श्रीहरि ही हैं। मानव तो खेल के मोहरे मात्र हैं। अतः अभिमान मत करो।

रामनिर्वासनं, जानकीधर्षण-
माहवे रावणस्यापि नाशः समे ।
द्योतयन्तीति सर्वंकषः स प्रभुः
माभिमानं कृथा माभिमानं कृथाः ॥५॥

श्रीभगवान् राम का निर्वासन, श्रीजानकी जी का अपहरण तथा युद्ध में रावण का विनाश—ये सभी बातें यही बताती हैं कि भगवान् सर्वशक्तिमान हैं और कोई उनकी पकड़ से बाहर नहीं है। अतः तुम अभिमान मत करो।

येन मध्याह्नकाले भृशं तप्यते
तेन सूर्येण ह्यस्ताचलो गम्यते ।
कोऽपि शक्तो न कालं समुल्लङ्घितुं
माभिमानं कृथा माभिमानं कृथाः ॥६॥

दोपहर को जिस सूर्य का तेज अत्यन्त प्रखर होता है, हाय उसी सूर्य को सायंकाल में अस्ताचल को जाना पड़ता है। काल की गति का अतिक्रमण कोई भी नहीं कर सकता है। अतः तुम अभिमान मत करो।

तारतम्येन सर्वे कृता जन्तवो
दृश्यते कौ न यस्मायलं नो प्रभुः ।
श्रेयसे प्रेयसे स्मार्यमेतत्सदा
माभिमानं कृथा माभिमानं कृथाः ॥७॥

संसार में सभी प्राणियों को सापेक्ष छोटा बड़ा बनाया गया है। कोई भी ऐसा नहीं है जिसे कान पकड़ कर ठीक करने में प्रभु समर्थ नहीं है। अतः तुम अभिमान मत करो।

टिप्पणी—यस्मायलम् = यस्मै + अलम्—**एचोऽयवायावः।**

२२. त्वं कुरुष्वोद्यमम्

बीजमुप्त्वैव कृत्वा च भूसेचनम्
शस्यमाशास्यते बुद्धिमद्भिर्नरैः ।
भूमिमुद्भिद्य बीजं स्वयं जायते
त्वं कुरुष्वोद्यमं त्वं कुरुष्वोद्यमम् ॥१॥

बुद्धिमान लोग जमीन को सींच कर तथा उसमें बीज डालकर ही अन्न की आशा करते हैं। बीज भी स्वयं ही पृथ्वी को फोड़ कर बाहर आता है। अतः तुम उद्यम करो।

लब्धुकामा महार्हाणि रत्नानि ये
यान्ति ते नक्रपूर्णं महाब्धेस्तलम् ।
अन्यथाकुर्वतां व्यर्थ एव श्रमः
त्वं कुरुष्वोद्यमं त्वं कुरुष्वोद्यमम् ॥२॥

जो लोग अमूल्य रत्न लेना चाहते हैं वे भयंकर मगरमच्छों से युक्त महासागर की तह में जाते हैं। जो ऐसा नहीं करते उनका श्रम व्यर्थ हो जाता है। अतः तुम उद्योग करो।

उद्यमेनैव गान्धी महात्माऽभवत्
श्रीसुभाषोऽपि नेता प्रयासेन हि ।
लौहनेति प्रसिद्धो ह्यभूद् वल्लभः
त्वं कुरुष्वोद्यमं त्वं कुरुष्वोद्यमम् ॥३॥

अपने प्रयास एवं उद्यम से ही गान्धी महात्मा, श्रीसुभाष नेता जी तथा श्रीवल्लभ भाई पटेल लौह पुरुष हो गये । अतः तुम उद्योग करो।

उद्यमेनैव यत्प्राप्यते तत्स्थिरं
प्राप्यते यत्कृपातस्तु तच्चञ्चलम् ।
अत्र गाथा त्रिशङ्कोः प्रमाणं भवेत्
त्वं कुरुष्वोद्यमं त्वं कुरुष्वोद्यमम् ॥४॥

जो अपने उद्योग से प्राप्त किया जाता है वही स्थिर रहता है। जो किसी की कृपा से प्राप्त होता है वह अस्थिर एवं चंचल होता है। त्रिशंकु की कथा इसका प्रमाण है। अतः तुम उद्यम करो।

प्राप्यते यत्कृपातो विनैवार्हतां
तत्करोत्यात्मविश्वासनाशं ध्रुवम् ।
आत्मविश्वासनाशो विनाशाय हि
त्वं कुरुष्वोद्यमं त्वं कुरुष्वोद्यमम् ॥५॥

अपनी योग्यता के बिना जो दूसरे की कृपा से प्राप्त होता है वह अवश्य ही आत्मविश्वास को नष्ट कर देता है तथा आत्मविश्वास के विनाश से मनुष्य का सर्वनाश हो जाता है। अतः तुम उद्यम करो।

२३. स्तोत्रम्

निर्गुणं यन्निराकारं सर्वेन्द्रियविवर्जितम् ।
तदपि यद्वशं याति तत्स्तोत्रं स्तूयते कथम् ॥१॥

सर्वथा निर्गुण, निराकार एवं इन्द्रियों से रहित परब्रह्म भी जिसके वश में हो जाता है उस स्तोत्र की प्रशंसा कैसे की जाये।

तुल्यनिन्दास्तुतिः स्तुत्यो येनेदं शिक्षितं स्वयम् ।
सैव यस्य पराधीनस्तत्स्तोत्रं स्तूयते कथम् ॥२॥

निन्दा तथा स्तुति में समान रहने वाला स्तुत्य या वन्दनीय है ऐसा उपदेश देने वाले (श्रीकृष्ण) भी जिसके वशवर्ती हो जाते हैं उस स्तोत्र की प्रशंसा कैसे की जाये।

न हृष्टो यौवराज्येन रामो यो जगदीश्वरः ।
सोऽपि प्रीणाति येनाशु तत्स्तोत्रं स्तूयते कथम् ॥३॥

युवराज पद प्राप्त करने पर भी जिन श्रीराम को कोई हर्ष नहीं हुआ वे श्रीराम भी शीघ्र ही जिस स्तोत्र से प्रसन्न हो जाते हैं उस स्तोत्र की प्रशंसा कैसे की जाये।

येनाञ्जसा महाप्रीतो रावणेऽपि महेश्वरः ।
विचित्रो महिमा यस्य तत्स्तोत्रं स्तूयते कथम् ॥४॥

जिस स्तोत्र के कारण महेश्वर भगवान् शंकर शीघ्र ही रावण पर भी कृपालु हो जाते हैं उस स्तोत्र की प्रशंसा कैसे की जाये।

निरंतरं हि यच्छ्रुत्वा पुराणः पुरुषोत्तमः ।
विश्वस्य रक्षणे शक्तः तत्स्तोत्रं स्तूयते कथम् ॥५॥

जिस स्तोत्र को निरन्तर सुनने से पुरातन पुरुषोत्तम में विश्वरक्षण की शक्ति का अभाव नहीं होता उस स्तोत्र की प्रशंसा कैसे की जाये।

यस्य श्रवणमात्रेण त्रिलोकी किङ्करायते ।
सर्वशक्तिमतः शक्तं तत्स्तोत्रं स्तूयते कथम् ॥६॥

जिसको सुनकर त्रिलोकी के सभी लोग वश में हो जाते हैं और सेवक की भाँति आचरण करने लगते हैं; जो स्तोत्र सर्वशक्तिशाली से भी अधिक शक्तिसम्पन्न है उस स्तोत्र की प्रशंसा कैसे की जा सकती है।

अखण्डमण्डलाकारं विश्वं येन नियन्त्रितम् ।
सोऽपि नियन्त्र्यते येन तत्स्तोत्रं स्तूयते कथम् ॥७॥

अखण्डमण्डलाकार विश्व का नियन्त्रण करने वाले का भी जो नियन्त्रण करता है उस स्तोत्र की प्रशंसा कैसे की जा सकती है।

न कोऽपि देवः कौ सर्वपूज्यः
न सम्प्रदायो यः सर्ववन्द्यः ।
दृष्टं न तादृक् पूजास्थलं वा
एकं हि स्तोत्रं यल्लोकपूज्यम् ॥८॥

भूमण्डल पर ऐसा कोई भी देवता नहीं जिसकी पूजा सभी लोग करते हैं तथा न कोई सम्प्रदाय या पूजास्थल ही ऐसा है। एकमात्र स्तोत्र (प्रशंसा कार्य) ही ऐसा है जो सर्वमान्य है।

२४. प्रजातन्त्रम्

वन्द्यमस्मत्प्रजातन्त्रं समलोष्टाश्मकाञ्चनम् ।
काकानां राजहंसानां बलवत्यत्र तुल्यता ॥१॥

जहाँ लोहा, पत्थर तथा सोना सब एक भाव हैं तथा जहाँ कौओं तथा राजहंसों में भी समानता का व्यवहार होता है, हमारा वह प्रजातन्त्र वन्दनीय है।

यदा देशस्य नेतारो दस्युलुण्टाकवञ्चकाः ।
अभ्युत्थानस्य देशस्य तदाशा स्वप्नसन्निभा ॥२॥

जब देश के नेता ही डाकू, लुटेरे तथा धोखेबाज हों तो देश की उन्नति की आशा तो केवल स्वप्न जैसी है।

दस्युभिर्वञ्चकैः धूर्तैः देशोऽयं रक्ष्यते यदि ।
स्मर्तव्याः के विनाशार्थं चिन्त्यमेतन्मनीषिभिः ॥३॥

यदि डाकू, लुटेरों तथा धूर्तों से देश की रक्षा होगी तो फिर देश के विनाश के लिये किसे याद किया जाये। इस विषय पर बुद्धिमानों को गम्भीरता से विचार करना होगा।

आसन्द्यासन्दि कुर्वाणा मुष्टीमुष्टि च संसदि ।
ईदृशाः सन्ति सभ्याश्चेदसभ्याः सन्ति कीदृशाः ॥४॥

संसद में एक दूसरे पर कुर्सियां फेंकने वाले तथा आपस में मुक्का-मुक्की करने वाले लोग यदिं सभ्य हैं तो फिर असभ्य किसे कहा जाये।

टिप्पणी : 'सभ्य' के लिए अष्टाध्यायी ४/४/९८ तथा ४/४/१०५ देखिये।

विलक्षणे हि देशेऽस्मिन् नेतारोऽपि विलक्षणाः ।
नानुयान्ति जनास्तांस्तु जनानेवानुयान्ति ते ॥५॥

इस विलक्षण देश के नेता भी विलक्षण हैं। लोग उनके पीछे नहीं चलते हैं वे ही लोगों के पीछे चलते हैं।

टिप्पणी : (१) नयतीति नेता–जो मार्ग दर्शन करे वह नेता।
(२) लक्षणम्–लक्ष्यते ज्ञायते पदार्थोऽनेन-करणे ल्युट् ।
(३) विलक्षणे–विशेषलक्षणयुक्ते
(४) विलक्षणम्–हेतुशून्यायां स्थितौ-निष्प्रयोजन स्थितौ इति शब्दार्थचिन्तामणिः।

नेता चूंकि मार्गदर्शन के धर्म से रहित हो गये हैं। अतः वे निष्प्रयोजन या विलक्षण हो गये हैं।

पेटिकाः प्रसभं हृत्वा कृत्वा रुधिरकर्दमम् ।
यद्येवं रक्ष्यते देशः कथं तर्हि विनाश्यते ॥६॥

यदि मतपेटियों को छीन कर तथा रक्त बहा कर देश की रक्षा होती है तो फिर देश का विनाश किस भांति होगा?

येन नेत्रीकृता धूर्ता दस्यवो राज्यमानिताः ।
कथं त्वैतत्प्रजातन्त्रं योगक्षेमं विधास्यति ॥७॥

जिस प्रजातन्त्र में धूर्त नेता होते हैं तथा डाकुओं को राज्य से मान प्राप्त होता है वह प्रजातन्त्र प्रजा के योगक्षेम की रक्षा कैसे करेगा?

धन्यं धन्यं प्रजातन्त्रं सर्वत्रैवेति घोष्यते ।
तथैवास्तु प्रभुं याचे नेदानीं तत्तु तादृशम् ॥८॥

प्रजातन्त्र धन्य है यह नारा सब तरफ सुनाई देता है। परमात्मा करे कि ऐसा हो जाये किन्तु अभी तो ऐसा नहीं है।

२५. गुरुवर्यविद्यावारिधिश्रीबच्चूलालावस्थि-पादपद्मेषु

साक्षाद्धर्मावतारो यः सरलो बालवत्तथा ।
श्रीबच्चूलालनामापि महिष्ठो महतामपि ॥१॥

श्री बच्चूलाल नाम होने पर भी बालवत्स्वभाव वाले आचार्यप्रवर साक्षाद् धर्ममूर्ति तथा महान लोगों में महत्तम हैं।

पारगः सर्वशास्त्राणां विदुषां ज्ञानवर्धनः ।
महाकालप्रसादेन शरण्यो नश्चिरं भवेत् ॥२॥

सर्वशास्त्रों के पारंगत तथा बड़े-बड़े विद्वानों का भी ज्ञानवर्धन करने वाले गुरुवर्य श्री अवस्थी जी चिरकाल तक भगवान् महाकाल की कृपा से हमारे ऊपर अपना वरदहस्त रखे रहें।

२६. आचार्यश्रीरमाकान्तशुक्लमहाभागपादपद्मेषु

श्रीरमादेववाण्योर्य उभयोः प्रीतिभाजनम् ।
मनोवाक्कायशुक्लं तं रमाकान्तं नमाम्यहम् ॥१॥

जिन पर श्रीरमादेवी (श्रीलक्ष्मी तथा श्रीशुक्लजी की धर्मपत्नी रमा शुक्ला) तथा देववाणी दोनों की कृपा है, जो मन, वचन तथा शरीर सभी भांति शुक्ल हैं उन श्री रमाकान्त शुक्ल को मेरा प्रणाम है।

रचनाधर्मिणो नव्यान् प्रोत्साहयति यो मुदा ।
चिरंजीव्याच्च जीयाच्च भारतीकीर्तिवर्धनः ॥२॥

जो नवीन लेखाकों को बड़े ही प्रेम तथा हर्ष से प्रोत्साहन देते हैं तथा वाग्देवी के यश को बढ़ाते रहते हैं वे श्री शुक्लजी यशस्वी तथा दीर्घजीवी हों।

२७. प्रकीर्णम्

लिखितं किं विचारोऽयं साम्प्रतं न हि साम्प्रतम्।
कस्योक्तिः कस्य वा लेख इत्येवादरकारणम् ॥१॥

आजकल (साम्प्रतम्) यह विचार करना उचित (साम्प्रतम्) नहीं है कि क्या कहा गया है । आजकल तो आदर का एकमात्र कारण यह है कि किसने कहा है या किसने लिखा है ।

प्रकाशं कुरुते दीपो दाहं सोढ्वा शनैः शनैः ।
जनसेवाचिकीर्षूणां दुःखं हि परमा गतिः ॥२॥

धीरे-धीरे अन्तर्दाह को सहन करके ही दीपक प्रकाश देता है। जन सेवा करने वालो को दुःख तो सहना ही पड़ता है।

स्वविवेकविहीनाय वृथा वाणी वृहस्पतेः ।
नेत्रहीनं नरं नेतुं न शक्नोति रविः स्वयम् ॥३॥

विवेकहीन व्यक्तियों के लिए तो वृहस्पति का उपदेश भी व्यर्थ है। नेत्रहीन मनुष्य का मार्गदर्शन तो स्वयं भुवन भास्कर भी नहीं कर सकते।

पङ्कजान्यपि फुल्लन्ति वीक्ष्य मित्रोदयं खलु ।
ये नो हृष्यन्ति तेनापि ते नरा ननु किन्नराः ॥४॥

कीचड़ में उत्पन्न होने वाला कमल भी मित्रोदय यानी सूर्योदय से खिल जाता है । जो लोग उस मित्रोदय यानी मित्र की उन्नति से प्रसन्न नहीं होते वे लोग वास्तव में कुत्सित लोग होते हैं।

टिप्पणी:- मित्रोदय (१) सूर्य का उदय (२) मित्र की उन्नति मित्रशब्द में श्लेष है।

किन्नर-किमः क्षेपे ५।४।७०

पङ्कजं कमलं किं स्यात् किं कृतं तत्तु पण्डितैः ।
फुल्लेन्मित्रोदयाद्यत्तु नूनं तन्मानमर्हति ।।५।।

पङ्कज (कीचड़ से उत्पन्न होने वाले को) कमल (जल के अलङ्कार) की संज्ञा बुद्धिमानों ने क्यों दी? ज्ञात हो गया। जो मित्रोदय सूर्योदय अथवा मित्र की उन्नति से प्रसन्न हो उसको तो सम्मान मिलना ही चाहिए।

ददन्ते य उषस्येव सलिलं बालभानवे ।
असौ दहति तानेव मध्याह्ने नेति साम्प्रतम् ।।६।।

प्रातःकाल उदीयमान सूर्य को जो लोग जल का अर्घ्य देते हैं उन्हीं लोगों को वही सूर्य मध्याह्न (दोपहर) में धूप से जलाता है। उसका यह कार्य नितान्त अशोभनीय है।

आचरन्तकि लोका हि शिक्षयन्तकि शिक्षकाः ।
नयन्तकि च नेतारस्ततः क्षेमस्य का कथा ।।७।।

जब लोग बुरा आचरण करते हैं, जब शिक्षक गलत शिक्षा देते हैं तथा नेतागण गलत मार्गदर्शन करते हैं तब देश के अभ्युत्थान की बात करना ही व्यर्थ है।

टिप्पणी:-(१) **अव्ययसर्वनाम्नामकच्प्राक्टेः** ५/३/७१, **कुत्सिते** ५/३/९४, **तिङश्च** ५/३/५६ तथा वार्तिक **"ओकारसकारभकारादौ सुपि सर्वनाम्नष्टेः प्रागकच्, अन्यत्र तु सुबन्तस्य टेः प्रागकच्"** से निन्दा गम्यमान होने पर धातु से 'अकच्' प्रत्यय लगता है और वह प्रत्यय तिङन्त की "टि" से पहले लगता है जिससे "पचतकि"-'जल्पतकि' आदि रूप बनते हैं जिनका अर्थ होता है "बुरी तरह से पकाता है"- बुरी तरह से बोलता है। इस सन्दर्भ में भैमी व्याख्या के भाग ५ के पृष्ठ ३८० तथा ३८१ को पढ़ना चाहिए। इस श्लोक में अकच् प्रत्यय लगा कर "आचरन्तकि" "शिक्षयन्तकि" तथा "नयन्तकि" क्रियायें बनाई गई हैं तथा उनको कुत्सित अर्थ में प्रयुक्त किया गया है।

स्वभावतः कृतघ्नस्तु लोकैः नोपचिकीर्ष्यते ।
प्रथमं लेढि दातारं श्वा पुनस्तन्तु दंशति ॥८॥

लोग स्वभावतः कृतघ्न का उपकार नहीं करना चहते। कुत्ता पहले तो अपने रोटी देने वाले को चाटता है किन्तु यदि अवसर मिल जाये तो बाद में उसको काट भी लेता है। कृतघ्न का भी आचरण ऐसा ही होता है।

टि०–दंशति–यह दशि–धातु संख्या १६७५ का रूप है।

नष्टा नष्टा पुनर्नष्टा सृष्टिरद्यापि जीवति ।
दर्शं दर्शमिदं मन्ये जीवितेन जिता मृतिः ॥९॥

अनेकों बार नष्ट होने के बावजूद सृष्टि अभी तक जीवित है। यह देख-देख कर यह सोचता हूँ कि जीवन ने मृत्यु को जीत लिया है।

टिप्पणीः-''आभीक्ष्ण्ये णमुल् च''- दृश+णमुल्=दर्शम्

अनुकूलितभार्याकः कलिमुक्तालयः सदा ।
त्रियम्बकोऽपि वीक्ष्येदमर्धनारीश्वरो भवत् ॥१०॥

अपनी भार्या को जो अनुकूल बना लेता है उसके घर में कभी कलह नहीं होता यह देखकर त्रिनेत्र भगवान् शङ्कर अर्धनारीश्वर हो गये।

टिप्पणीः-अनुकूल+क्विप्=अनुकूल+इ+क्त अनुकूलित तथा **यस्येति च** ६/४/१४०

वायसन्ति शृगालन्ति भुजङ्गन्तीह मानवाः ।
न मनुष्यति धिक् कोऽपि कीदृशीयं विडम्बना ॥११॥

संसार में मनुष्य कौए, शृगाल तथा सर्पों जैसा आचरण तो करते हैं किन्तु यह विडम्बना है कि कोई भी मनुष्य जैसा आचरण नहीं करता।

टिप्पणीः-वायस,शृगाल, भुजङ्ग तथा मनुष्य प्रातिपदिकों में क्विप् लगाकर उन्हें धातु बना लिया गया है।

न तत्याज प्रभुर्यावद् अव्यक्तेरवगुण्ठनम् ।
तावन्निरपवादः स गतो व्यक्तस्तु वाच्यताम् ॥१२॥

भगवान् ने जब तक अव्यक्ति (निराकारत्व) का घूँघट नहीं उतारा तब तक वे जनापवाद से बचे रहे। ज्यों ही वे साकार हुए त्यों ही उनकी बुराई होने लगी।

मनो नपुंसकं नूनं जेतुं तदपि दुष्करम् ।
अतस्तृणं न मन्तव्यो निर्बलोऽपि रिपुर्बुधैः ॥१३॥

निश्चित रूप से मन नपुंसक है फिर भी इसको जीतना बड़ी टेढ़ी खीर है। अतः निर्बल शत्रु को भी नाचीज़ या दुर्बल समझकर उसकी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए।

तेजस्वन्तस्तथा दुष्टा मन्यन्ते न कृतं मनाक् ।
लब्ध्वार्घ्यं दाहको भानुः क्रूरः पीत्वा पयोऽप्यहिः॥१४॥

तेजस्वी पुरुष तथा दुष्ट किसी के किये हुए को बिल्कुल नहीं मानते। अर्घ्य लेकर भी सूर्य जलाता ही है तथा सर्प दूध पीकर भी अपनी क्रूरता नहीं छोड़ता।

टिप्पणीः- कुछ विद्वानों के मत से तेजोवन्तः होना चाहिए किन्तु **"अस्-माया-मेधा-स्रजो विनिः"** ५।२।१२१ से तेजस् के असन्त होने से इसको तेजस्वान् होना चाहिए। इस सन्दर्भ में भैमी व्याख्या भाग ५ पृष्ठ ३१७ द्रष्टव्य है।

लभ्यते स्म जनैर्मानः पुरापि धनकारणात् ।
धनमासीत्तदा गौणं मुख्यत्वं लभतेऽधुना॥१५॥

पुराने जमाने में भी लोग धन के कारण मान प्राप्त करते थे किन्तु तब धन गौण कारण था अब यह प्रमुख कारण हो गया है।

रिरंसते पुराणोऽपि चन्द्रमाः सह राकया ।
दुर्जेयो मन्मथो लोके मनुष्याणां जरस्यपि ॥१६॥

अनन्त वर्षों पुराना वृद्ध चन्द्रमा भी पूर्णिमा की रात के साथ रमण करना चाहता है। वृद्धावस्था में भी काम पर विजय पाना दुष्कर कार्य है।

टिप्पणी : रिरंसते = रमु + सन्

(१) **"धातोः कर्मणः समानकर्तृकादिच्छाया वा"** ३/१/७

(२) सन्यङ्गोः ६/१/९

(३) चङ्गि ६/१/११

(४) सन्यतः ७/४/७९ तथा "नश्चापदान्तस्य झलि" ८/३/२४ से यह रूप बना है।

आद्रियन्ते न केनापि कदापि जितकाशिनः ।
नातो विकत्थते भानुर्विनाश्य जगतस्तमः ॥१७॥

(जितकाशिनः) अपनी जीत का डंका पीटने वालों की कभी कोई भी प्रशंसा नहीं करता इसी से सम्पूर्ण विश्व का अन्धकार दूर करके भी सूर्य कभी डींग नहीं मारता।

सर्वप्रियो हि सद्वृत्तो दुर्वृत्तो न तु कस्यचित् ।
सुगन्धः पवनः काम्यो दुर्गन्धो न कदाचन ॥१८॥

अच्छे आचरण वाला सभी को अच्छा लगता है। दुराचारी किसी को अच्छा नहीं लगता। सुगन्धित वायु को सभी पसन्द करते हैं, दुर्गन्धित वायु को कोई भी पसन्द नहीं करता।

त्राहि त्राहीति किं ब्रूषे पुराणं पुरुषोत्तमम् ।
मन्येऽस्मद्दुष्कृतैस्त्रस्तः सोऽपि क्रन्दति पाहि माम् ॥१९॥

अत्यन्त बूढ़े भगवान् के आगे त्राहि-त्राहि कह कर क्यों चिल्लाते हो मुझे तो ऐसा लगता है कि हमारे अनाचार से त्रस्त होकर वह भी चिल्ला रहा है कि मुझे बचाओ।

पतन्तं मानुषं दृष्ट्वा मोदन्ते ह्यधमा जनाः ।
मध्यमास्तमुपेक्षन्ते साह्यं ददत उत्तमाः ॥२०॥

किसी मनुष्य को गिरता देख कर अधम लोग हंसते हैं, मध्यम लोग उपेक्षा कर देते हैं किन्तु उत्तम लोग दौड़ कर उसकी सहायता करते हैं।

सेवकं स्वामिभूतं तु नो सहन्तेऽप्यपण्डिताः ।
धिग् धनं स्वामिनं कृत्वा धन्यम्मन्या हि पण्डिताः ॥२१॥

सेवक का स्वामी बन जाना तो मूर्ख भी सहन नहीं करता फिर धन को जो स्वामी बना कर अपने को धन्य मानते हैं उन पण्डितों को धिक्कार है।

श्रुते द्वे तु कृते तस्माद् विदग्धेन स्वयंभुवा ।
श्रुत्वैकेनाशुभं कुर्याद् बहिरन्येन तत्क्षणम् ॥२२॥

चतुर विधाता ने मनुष्य को दो कान इसलिये दिये हैं ताकि वह बुरी बात को एक कान से सुन कर फौरन दूसरे कान से बाहर निकाल दे।

श्रुते द्वे रसनैका तु सोद्देश्यं ब्रह्मणा कृता ।
बहु श्रुत्वापि वक्तव्यमत्यल्पं भूतिमिच्छता ॥२३॥

विधाता ने कान दो तथा जीभ एक इस विशेष उद्देश्य से दी है ताकि उन्नति चाहने वाला मनुष्य सुने अधिक पर बोले कम।

प्रेमास्पदाद्यदाप्नोति प्रेमी तेन सुखायते ।
वृण्वानः शलभो मृत्युं मुदालिङ्गति वर्तिकाम् ॥२४॥

प्रेमी को अपने प्रेमास्पद से जो भी प्राप्त हो उसमें ही वह सुख का अनुभव करता है। मृत्यु को वर्तिका का उपहार मान कर शलभ बड़े ही प्रेम से वर्त्तिका का आलिङ्गन करता है।

अङ्गनाङ्गेऽद्भुतं सृष्टं धात्रेदं गोलिकाद्वयम् ।
दर्शनस्पर्शयोगेन ज्वरनिर्ज्वरकारणम् ॥२५॥

विधाता ने स्त्री के शरीर में दो अद्भुत गोलियां बनाईं हैं जिनको देखने से ज्वर (कांम ज्वर) हो जाता है और स्पर्श करने पर वह ज्वर उतर जाता है।

शैशवे दत्तकान् वृक्षाः सेवन्ते मधुरैः फलैः ।
तथैव पितरौ सेव्यौ विविधं लालितैः सुतैः ॥२६॥

पेड़ों के शैशव काल में जिन्होंने पड़ों को जल दिया उनको पेड़ बड़े मीठे फल देते हैं। विविध भांति से लालित पालित पुत्रों को अपने माता पिता की सेवा इसी भांति करनी चाहिए।

टि०—दत्तं कं यैस्ते दत्तकाः, तान् दत्तकान्।

अर्जितं धनमित्येव सम्मानस्यैककारणम् ।
कथं प्राप्तं धनं तत्तु नैतत्केनापि चिन्त्यते ॥२७॥

आजकल सम्मान का एक मात्र कारण धनोपार्जन हो गया है किन्तु कोई यह नहीं विचार करता कि यह धन कैसे अर्जित किया गया है।

अन्वाजेकृत्य ये धीराः सार्थीकुर्वन्ति जीवितम् ।
तेषु प्रीणाति गोविन्दो दीनबन्धुप्रियो हरिः ॥२८॥

दीनों की सहायता करके अपने जीवन को जो धन्य करते हैं उनसे परमात्मा प्रसन्न होता है क्योंकि वह दीनबन्धु है।

टिप्पणी : अन्वाजेकृत्य=उपाजेऽन्वाजे अष्टाध्यायी १/४/७२

जीवेतां दम्पती दिष्ट्या प्राध्वंकृत्य परस्परम् ।
सन्ततिः श्लाघनीया स्याच्चातिस्वर्गं तयोर्गृहम् ॥२९॥

पति पत्नी एक दूसरे को प्रेम के बन्धन में बांध कर रहें जिससे उनकी सन्तति प्रशंसनीय हो और उनका घर स्वर्ग से भी बढ़ कर हो।

टिप्पणी : प्राध्वंकृत्य=अष्टाध्यायी १/४/७८, प्राध्वं बन्धने। अतिस्वर्गं-अत्यादयः क्रान्ताद्यर्थे द्वितीया "कुगतिप्रादयः" २/२/१८ पर वार्तिक।

अदःकृत्यैव कर्तव्यं नित्यमात्मनिरीक्षणम् ।
मन्ये तस्मान्न चन्द्रस्य मृष्टोऽङ्कोऽद्यापि भानुना ॥३०॥

मनुष्य को स्वयं विचार करके आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। मेरा विचार है कि ऐसा न करने के कारण ही चन्द्रमा का कलंक आज तक नहीं मिट पाया।

टिप्पणी : अदोऽनुपदेशे, १/४/७०

पितू रिक्थमिवाप्नोति पापान्यपि तदात्मजः ।
हापनीयान्यतस्तानि सर्वैरेव विचक्षणैः ॥३१॥

पुत्र जैसे अपने पिता के धन को प्राप्त करता है वैसे ही उसके पाप भी उसे मिलते हैं अतएव समझदार लोगों को पापों का परित्याग करना चाहिये। यहां एक भाव तो यह है कि पुत्र को अपने पिता की बुरी आदतें भी विरासत में मिलती हैं; दूसरा भाव यह है कि पुत्र को पिता के पापों का परिणाम भी भुगतना होता है।

सद्यः प्रस्फुटितं पुष्पं रूपगन्धसमन्वितम् ।
आकर्षति नरं नूनं यो नाकृष्टः स किन्नरः ॥३२॥

रूप तथा गंध से युक्त ताजा फूल मनुष्य को अवश्य ही आकृष्ट करता है जो उससे आकृष्ट नहीं होता वह भी क्या कोई अच्छा पुरुष होता है?

टि०–"किमः क्षेपे", ५/४/७० उदा०–किं सखा किं रात्रः।

अन्तर्भिन्नं स्वमात्मानं युक्तं दर्शयितुं क्षमम् ।
नारंग ते प्रयासोऽयं नूनमात्मप्रवञ्चनम् ॥३३॥

हे नारंगी (अन्दर से फांक-फांक होते हुए भी) तुम बाहर से अपने को एक दिखाती हो। किन्तु तुम्हारा यह प्रयास आत्मप्रवञ्चना ही है।

आदाय नियतिं स्वां स्वामुत्पद्यन्तेऽत्र मानवाः ।
अतो भद्रं यथाशक्ति कुर्वञ्जीवेत्सुखं नरः ॥३४॥

प्रत्येक मनुष्य अपना-अपना भाग्य लेकर आता है (जिसे बदला नहीं जा सकता) अतः मनुष्य को उचित है कि वह यथाशक्ति लोगों की भलाई करे और चैन से जिये।

उचितं मृततातस्य दाहे कापालिकी क्रिया ।
क्रियते तत्कलौ हन्त ! सुतैः पितरि जीविते ॥३५॥

पिता के मरने पर दाह संस्कार के समय उसकी कपाल क्रिया करना पुत्र का धर्म है किन्तु दुर्भाग्य यह है कि कलियुग में पुत्र पिता के जीवन काल में ही यह कार्य कर देते हैं।

कस्याप्युद्दण्डतां सोढुं न शक्नोति विधिश्चिरम् ।
प्रतीयेऽहमिदं दृष्ट्वा सङ्गरे पतितं ध्वजम् ॥३६॥

विधाता चिरकाल तक किसी की उद्दण्डता को सहन नहीं करता। युद्ध में झुके हुए झंडे को देख कर मुझे यह विचार आया।

टिप्पणी : ध्वज में श्लेष है। आवश्यक हो तो कृपया कोष देखें। सङ्गर=युद्ध ।

मा शुचः स जगद्भर्ता त्वामपि पालयिष्यति ।
पादपा यत्कृपासिक्ता वर्धन्ते पर्वतेष्वपि ॥३७॥

चिन्ता मत करो जग का वही पालनहार तुम्हारा भी पालन करेगा जिसकी कृपा से पर्वतों पर भी वृक्ष हरे भरे होकर फल देते हैं।

असमीक्ष्य भिषक्चर्यां निर्देशस्तस्य पाल्यते ।
सैव बुद्धिर्गुरौ चेत्तु को रुन्धान्नः समुन्नतिम् ॥३८॥

वैद्य के आचरण को देखे बिना हम उसके निर्देश का पालन करते हैं। यदि इसी भांति हम गुरु का निर्देश भी मानें तो हमारी उन्नति को कौन रोक सकेगा।

टिप्पणी : रुध् धातु का लोट्-प्र० पुरुष एक वचन में रुन्धाम् हुआ। रुन्धाम्+नः=रुन्धान्नः। द्रष्टव्यं **"वा पदान्तस्य"**-८/४/५९

लक्ष्मीः श्रेयस्करी न्याय्या सोत्कोचा विपदाकरी ।
विस्मरन् सत्यमेतद्धा ना सीदति पदे पदे ॥३९॥

न्याय या धर्म से प्राप्त लक्ष्मी ही कल्याण करती है। रिश्वत से प्राप्त लक्ष्मी विपत्ति देती है। दुर्भाग्य से इस बात को भूलकर मनुष्य पग-पग पर दुःख उठाता है।

आशीर्या दीयते वृद्धैः सफला सा तु भाग्यतः ।
प्राप्यते सेवया या सा निश्चितं सफलायते ॥४०॥

वृद्धजन जो आशीर्वाद देते हैं वह तो भाग्य से ही सफल होता है। किन्तु जो आशीर्वाद उनकी सेवा करके प्राप्त किया जाता है वह कभी निष्फल नहीं होता।

राज्ञः पदेऽभिषिक्तः सन् राज्यं नो विस्मरेद्बुधः ।
लवणं गतलावण्यं लवणीक्रियते कथम् ॥४१॥

राजपद पर अभिषिक्त किसी भी बुद्धिमान को कभी भी राजा के कर्तव्यों को नहीं भूलना चाहिये क्योंकि यदि नमक का नमकीनपन समाप्त हो जाये तो उसे कैसे नमकीन बनाया जा सकेगा।

टिप्पणी : (क) राज्ञः कर्म भावो वा राज्यम्-**पत्यन्तपुरोहितादिभ्यो** **यक्**-शब्दार्थचिन्तामणिः।

(ख) द्रष्टव्यः—भैमीव्याख्यायाः पञ्चमे भागे, २५९ तमः पृष्ठः पत्यन्तपुरोहितादिभ्यो यक्, ५/११/१२७

(ग) सिद्धान्तकौमुदी भावकर्मार्थप्रकरणे पत्यन्तपुरोहितादिभ्यो यक्, ५/१ राजाऽसे गण सूत्र १०६, राजन् राजन् शब्दोऽसमासे यक् लभते इत्यर्थः।

हानौ लाभे सुखे दुःखे श्रेयसे समवर्तनम् ।
तदेव सर्वनाशाय कृतं पापेषु सत्सु चेत् ॥४२॥

हानि, लाभ, सुख, दुःखादि में समान भाव हो तो कल्याणकर होता है किन्तु यदि पापी तथा सन्त में भी सम भाव रखा जाये तो वह विनाश का कारण बन जाता है।

वर्त्तितव्यं यथाकालमिति शिक्षयितुं नरम् ।
हिमे प्रातर्विलम्ब्यार्कः शुचौ शीघ्रमुदेति सः ॥४३॥

मनुष्यों को यह सिखाने के लिये कि समयानुकूल आचरण करना उचित होता है सूर्य जाड़ों में प्रातःकाल देर से तथा ग्रीष्म ऋतु में (शुचौ) शीघ्र उदय होता है।

फलिनो ये समूलं हि क्षिप्रमुच्छेत्तुमुत्सुकाः ।
तेषु तूद्यानपालेषु किमत्याक्रोशनं नृणाम् ॥४४॥

जो लोग फलदार वृक्षों को शीघ्रातिशीघ्र जड़ से उखाड़ देना चाहते हैं उनको (ऐसे लोगों को) उद्यान के रखवाले बना दिये जाने पर लोगों का आक्रोश क्या अनुचित होगा?

टिप्पणी : अतिकम्बलं, अतिनिद्रम् की भांति अत्याक्रोशनम्।

विपर्यते जगत्सर्वं विष्णौ मीलितलोचने ।
किं पुनर्यदि राजापि विष्णूयेत स्वकर्मसु ॥४५॥

भगवान् विष्णु के आंखें बन्द करके शेषशय्या पर लेट जाने से यह संसार अस्तव्यस्त हो गया है। यदि राजा भी भगवान् विष्णु की भांति आंखें बन्द करके अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह हो जाये तो क्या होगा?

पितरौ मे न पुत्रौ मे भ्रातरौ गृहिणी न मे ।
बहुरूपो जगन्नाथो ह्युपकर्तुमिहागतः ॥४६॥

न मेरे माता पिता हैं, न मेरे पुत्र या पुत्रियां हैं, न मेरे भाई बहन या स्त्री हैं। वास्तव में मुझ पर अनुग्रह करने के लिये स्वयं भगवान् ये विभिन्न रूप धारण करके यहां (मेरे घर में) पधारे हैं।

शोभते चाटु तावत्तु प्रच्छन्नं यावदेव तत् ।
अन्यथा सर्वथाचारु यथा योषिदनावृता ॥४७॥

चापलूसी जब तक जाहिर न हो तब तक तो अच्छी लगती है किन्तु जाहिर होने पर वह अनावृत स्त्री की भांति ही अरुचिकर हो जाती है।

महतामाश्रयं प्राप्य याति बालोऽपि वन्द्यताम् ।
मृत्युञ्जयालिकापन्नो यथा कुमुदबान्धवः ॥४८॥

बड़ों की छत्रछाया प्राप्त होने पर बालक या मूर्ख भी आदर का पात्र हो जाता है। भगवान् शिव की जटाओं में स्थान प्राप्त करके द्वितीया का चन्द्रमा भी वन्दनीय हो जाता है।

पितुः पुत्रस्य भार्यायाः सुहृदो बान्धवस्य च ।
अकिञ्चनत्वमापन्नोऽगम्यः सर्वस्य ब्रह्मवत् ॥४९॥

ब्रह्म सभी के लिये अगम्य है क्योंकि कोई वहां पहुंच नहीं सकता। उसी तरह से अकिंचन पुरुष भी मां, बाप, बेटा, स्त्री, मित्र तथा कुटुम्बी सभी के लिये अगम्य है। क्योंकि कोई भी उसके पास जाना ही नहीं चाहता।

टिप्पणी : (१) अगम्य–जहां कोई पहुंच नहीं सकता।
(२) कोई भी जहां जाने को महत्त्व नहीं देता।

सहमाना अनौचित्यं नो मूकन्तु मनीषिणः ।
तमोनाशाय विश्वस्मिन्नुदेति सविता खलु ॥५०॥

बुद्धिमानों को अनुचित बात देख कर चुप नहीं रहना चाहिये। संसार में अन्धकार का नाश करने के लिये ही तो सूर्योदय होता है।

जर्जरं म्रियमाणं च कथमायान्तु बान्धवाः ।
पतन्तीं भित्तिमालोक्य को हि दूरं न गच्छति ॥५१॥

अत्यन्त बूढ़े कमजोर मरणासन्न व्यक्ति के भाई बन्धु कैसे उसके पास जावें। गिरती हुई दीवार के पास से भाग कर कौन दूर नहीं जाना चाहता?

समाना मनुजाः सर्वे कथयत्विति मूढधीः ।
सज्जनेषु च दुष्टेषु समदर्शी न दृश्यते ॥५२॥

सभी मनुष्य समान हैं यह बात कोई मूर्ख भले ही कहे। सज्जन तथा दुष्ट को समान देखने वाला कोई दिखाई तो देता नहीं।

नोपेक्ष्याः कस्यचिद्दोषा गुरोर्वा सुहृदोऽपि वा ।
अनिवेद्य तु तांस्तेभ्यो नरस्तेष्वपराध्यति ॥५३॥

चाहे गुरु हो चाहे मित्र हो, किसी के दोष की उपेक्षा नहीं करनी चाहिये। किसी को उसके दोष न बता कर उस मनुष्य के प्रति अपराध किया जाता है।

आत्मसात् तत्तु कर्तव्यं यज्ज्ञानमुपलभ्यते ।
हनिष्यत्यन्यथा तन्नः कोष्ठस्थाजीर्णभुक्तवत् ॥५४॥

जो भी ज्ञान मिले उसे आचरण में लाकर आत्मसात् कर लेना चाहिये अर्थात् उसे पचा लेना चाहिये अन्यथा वह अनपचा ज्ञान उसी तरह कष्टदायक होगा जैसे पेट में पड़ा हुआ अनपचा अन्न कष्टदायक होता है।

घातकं विषपानं तु सुरापानं ततोऽधिकम् ।
विषं हरति प्राणान् हि सुरा प्राणान् धनानि च ॥५५॥

विषपान तो घातक होता ही है किन्तु सुरापान तो उससे भी अधिक हानिकर है। विष तो मनुष्य के केवल प्राण ही लेता है किन्तु शराब तो धन तथा प्राण दोनों ही ले लेती है।

दीयते ज्ञानमन्येभ्य आत्मज्ञानं विना कथम् ।
अप्रकाशितदीपेन प्रकाशो दीयते क्वचित् ॥५६॥

आत्मज्ञान के बिना दूसरों को ज्ञान कैसे दिया जा सकता है, क्या अप्रकाशित दिया भी कभी प्रकाश दे सका है?

युवतीव सुखं शेते निद्रा युवजनैः सह ।
वृद्धैरभ्यर्थ्यमानापि सा तेभ्यो विजुगुप्सते ॥५७॥

युवती स्त्री की भांति निद्रा भी युवकों के साथ बड़े सुख से सोती है किन्तु वृद्ध लोगों के द्वारा बहुत मनाये जाने पर भी वह उनसे दूर भागती है।

मोदाय कविता चेत्सा वनितेवोपतिष्ठते ।
बलादाकृष्यमाणा तु भृशं हि विरसायते ॥५८॥

स्त्री यदि स्वेच्छा से आये तो बड़ी आनन्ददायिनी होती है। उसे जबरदस्ती खींच कर लाया जाये तो रसभंग हो जाता है।यही बात कविता के विषय में भी है।

निष्कलङ्को न चन्द्रोऽपि विषमप्यौषधं क्वचित् ।
प्रशस्यं सर्वथा किं स्यान्निन्द्यं किं स्यात्तु सर्वथा ॥५९॥

चन्द्रमा भी बेदाग नहीं है तथा विष भी कभी-कभी दवा का काम करता है। अतः संसार में न तो कोई सर्वथा प्रशंसनीय है तथा न सर्वथा निन्दनीय ही है।

निर्गन्धं कुसुमं नूनं कस्मायपि न रोचते ।
प्रेमशून्यं मनस्तर्हि केषां प्रीतिकरं भवेत् ॥६०॥

सुगन्धरहित फूल किसी को भी अच्छा नहीं लगता फिर प्रेम शून्य मन कैसे अच्छा लगे।

टिप्पणी : कस्मायापि = कस्मै + अपि

सर्वान् विघ्नान् पराजित्य गन्तव्यं यः प्रतिष्ठते ।
स्वयमेव हि गन्तव्यः सोत्कण्ठं तं प्रतीक्षते ॥६१॥

सभी विघ्नों को ठुकराता हुआ जो गन्तव्य की ओर बढ़ जाता है उसकी प्रतीक्षा स्वयं गन्तव्य ही बड़ी उत्कण्ठा से करता है।

टिप्पणी : ''समवप्रविभ्यः स्थः'' १/३/२२ इस सूत्र से प्रतिष्ठिते में आत्मने पद हुआ है।

विद्यारत्नाकरो नूनं गभीरः सर्वथा मतः ।
अधिविद्यमतो गर्वो युज्यते न मनीषिभिः ॥६२॥

विद्या के अथाह रत्नाकर की थाह किसने पाई है? अतः विद्वानों को अपनी विद्वत्ता पर गर्व नहीं करना चाहिये।

टिप्पणी : अधिविद्यम् शब्द में अव्ययीभाव समास है।

न भुवः शान्तिनाशाय मानवा बालिशा हि ये ।
किन्तु कौ कण्टकायन्ते जना मायाविनो भृशम् ॥६३॥

जो परम मूढ़ हैं उनसे संसार की शान्ति को कोई खास खतरा नहीं है किन्तु इस संसार के लिये मायावी या धोखेबाज लोग कांटा होते हैं।

सानुतापं हरेर्नाम जपतो स्खलतोऽपि च ।
तथा ज्वलन्ति पापानि यथैधांसि हुताशने ॥६४॥

जो मनुष्य अपने पापों पर पछतावा तथा प्रभु के नाम का जाप करता हुआ भी यदा कदा गिर जाता है उसके पाप इसी भांति नष्ट हो जाते हैं जैसे अग्नि में ईंधन जल जाता है।

भाषमाणे सदस्यन्ये वार्तालापं करोति यः ।
कियानपि महान् सोऽस्तु स सभ्यो न कदाचन ॥६५॥

सभा में जब कोई अन्य व्यक्ति बोल रहा हो उस समय जो भी आदमी वार्तालाप करता है वह आदमी कितना भी बड़ा क्यों न हो वह सभ्य कहलाने योग्य नहीं होता।

टिप्पणी : **"तत्र साधुः"** ४/४/९८ तथा **"सभाया यः"** ४/४/१७५ इन दो सूत्रों से सभ्य शब्द बना है।

अनुत्तरा ध्रुवं नारी त्रिलोक्यामैन्द्रजालिकी ।
विज्ञा अपि यया मुग्धा विहरन्त्यपथे सुखम् ॥६६॥

निश्चय ही स्त्री त्रिलोकी में लाजबाब जादूगरनी है जिसके द्वारा मुग्ध विज्ञ भी कुमार्ग या संभोग में बड़े ही मजे से विहार करते हैं।

टिप्पणी : अनुत्तरम्-विशेषण, नास्ति उत्तरं प्रधानं यस्मात्-नञ् समान-प्रत्युत्तरहीन-श्रेष्ठ-मुख्य। इति हलायुधः।

सुन्दरः सगुणो दीपो ना च नो भासते मनाक् ।
स्नेहपूर्णो यदैवासौ तत्क्षणं स प्रकाशते ॥६७॥

सुन्दर तथा सगुण (गुणयुक्त नर) बातीयुक्त (सगुण) दिया जरा भी प्रकाश नहीं देते किन्तु ज्यों ही वे स्नेहपूर्ण हो जाते हैं वैसे ही प्रकाश देने लगते हैं।

टिप्पणी : सगुण यहां श्लेष है (१) गुण (२) बत्ती। स्नेह में भी श्लेष है (१) प्रेम (२) तेल। यह श्लोक महाकवि बिहारीलाल के दोहे का भावार्थ है।

औदार्ये ह्यद्वितीयोऽपि मेघ नासि विवेकवान् ।
पात्रापात्रमवीक्ष्यैव यतः सर्वत्र वर्षसि ॥६८॥

हे मेघ ! उदारता में अद्वितीय होते हुए भी आप विवेकवान् नहीं हैं क्योंकि पात्र कुपात्र का विचार किये बिना सर्वत्र वर्षा करते हैं।

मेघ त्वं परमो हंसो विश्वस्मिन्नेकदर्शनः ।
भेदभावं विना दत्से यस्मै कस्मै स्वजीवनम् ॥६९॥

हे मेघ तुम वास्तव में परमहंस एवं समद्रष्टा हो इसी कारण तुम बिना भेदभाव के सभी को अपना जीवन समर्पित कर देते हो।

टिप्पणी–जीवनं भुवनं वनम्-इत्यमरः-जीवन=जल

कूप त्वं परमोदारो विवेकी चाप्यसंशयम् ।
जीवनं स्वं मुदा दत्से किन्तूद्योगं प्रकुर्वते ॥७०॥

हे कूप ! तुम परम उदार एवं विवेकी भी हो। तुम अपना जीवन (जल) भी दे देते हो किन्तु उद्योग करने वाले को ही देते हो।

ज्वलन्तं दीपकं वीक्ष्य जातेयमवधारणा ।
स्नेहस्त्याज्यः सदा पुम्भिः स्नेहो ज्वलनकारणम् ॥७१॥

जलते हुए दीपक को देख कर मेरे मन में यह विचार आया कि मनुष्य को स्नेह का त्याग कर देना चाहिये क्योंकि स्नेह ही दुःख देता है।

टि०–स्नेह (१) प्रेम, (२) दीपक के सन्दर्भ में तेल।

चेतोव्यथा मनुष्याणां नद्यः कूलङ्कषा ध्रुवम् ।
पातयन्ति क्षणेनैताः तद्विवेकदृढद्रुमान् ॥७२॥

मनुष्य के हृदय की वेदना किनारों को तोड़ने वाली नदी की तरह होती है जो एक ही क्षण में मनुष्य के विवेकरूपी दृढ़ वृक्ष को उखाड़ फेंकती है।

दीप्त्याशादीपितो दीपः स्नेहं दत्त्वा भृशं तु यैः ।
तन्निकायान् दहेत्सैव कृतघ्नो न करोति किम् ॥७३॥

जो लोग खूब स्नेह (घी, तेल आदि) देकर रोशनी पाने की आशा से दीपक जलाते हैं वही दीपक अवसर पाकर उन्हीं लोगों के मकानों को जला देता है, भला कृतघ्न मनुष्य क्या नहीं कर सकता?

आदर्शवत् सदाचार्यः शोभते चेदखण्डितः ।
प्रमादात् खण्डितादर्शे मुखं कोऽपि न पश्यति ॥७४॥

आदर्श या दर्पण के समान यदि अखण्डित रहे तो आचार्य की शोभा या प्रतिष्ठा होती है, यदि प्रमादवश आदर्श यानी दर्पण टूट जाये तो फिर उसमें कोई भी अपना मुंह नहीं देखता।

टिप्पणी : आदर्श में श्लेष है–(१) दर्पण (२) Model या Ideal

सावधानं वयं शृण्मो भषणं न तु भाषणम् ।
शिष्टा कथं वयं स्याम ह्यस्माकाश्चापि बान्धवाः ॥७५॥

जब हम कुत्तों के भौंकने को तो सावधानी से सुनते हैं किन्तु किसी के भाषण (अच्छी बात) पर ध्यान नहीं देते तो फिर हम स्वयं या हमारे अपने लोग तथा बान्धवगण शिष्ट कैसे हो सकते हैं।

पापाज्जातः कदाचारे पापादप्यतिरिच्यते ।
तथापि सेवते पापं किन्नेदं पापकर्षणम् ॥७६॥

पापी मनुष्य का पुत्र पाप में अपने बाप से भी आगे बढ़ जाता है फिर भी मनुष्य पाप का आचरण करता है–क्या यह पाप का जादू नहीं है।

अधिकारी गुरूभूय ब्रह्मा विष्णुर्महेश्वरः ।
तद्भूतो लम्पटो नूनं जायते केवलं हरः ॥७७॥

योग्य (सदाचारी) पुरुष गुरु पद पर आसीन होकर ब्रह्मा (शिष्य को द्विजन्मा बना कर), विष्णु (उसकी दुर्गुणों से रक्षा करके) तथा शिव (उसके अवगुणों का नाश करके)बन जाता है। किन्तु यदि कोई लम्पट गुरुपद पर आसीन हो जाये तो वह केवल हर (शिव) चोर ही रहता है। जो हरण करे वह हर अतः शिष्य का केवल धन हरण करने के कारण लम्पट हर ही होता है।

दर्शनं दर्शनं स्यान्मे केवलं न प्रदर्शनम् ।
वरदेमं वरं देहि वृणुयां जीवने वरम् ॥७८॥

हे वरद (परमात्मन्) आप मुझे यह वरदान दें कि मेरा धर्म, मेरा जीवन दर्शन, मेरे जीवन में नेत्र या दर्पण का काम करे यानी वह मेरा मार्गदर्शन करे और मैं उस पर आचरण करूं। वह (धर्म या शास्त्र का ज्ञान) प्रदर्शन मात्र न हो तथा यह वर भी दीजिये कि मैं जीवन में केवल शुभ का ही वरण करूं।

टिप्पणी : (१) वरद+इमं=वरदेमं, दर्शनम् (२) नयन-दर्पण तथा धर्म शब्दचिन्तामणिः।

व्यजेष्यन्त रणान् घोरान् स्थौरिणो गर्दभा यदि ।
अक्रेष्यत्तर्हि कः प्राज्ञो वाह्लिकान् बहुमूल्यकान् ॥७९॥

यदि लद्दू टट्टू संग्राम जीत सके तो संसार में कीमती तुर्की घोड़ों को कौन खरीदेगा?

टिप्पणी : यहां लृङ् का प्रयोग है। लद्दू गधे कभी भी संग्राम नहीं जीतेंगे, अतः यह भी नहीं होगा कि लोक में कोई कीमती घोड़ों को न खरीदें।

क्षारायते समुद्रे कं रोगायैवातिभोजनम् ।
मृत्यवेऽतिमलत्यागस्तस्मात्त्याज्यं बुधैरति ॥८०॥

समुद्र में जल की अधिकता होने से जल खारा हो जाता है, अधिक भोजन भी रोगों को ही उत्पन्न करता है और अत्यधिक मल निकल जाने से तो मृत्यु ही हो जाती है। अतः बुद्धिमानों को अति का त्याग करना चाहिये।

औदार्येण पदं सम्पद् मेधा कीर्तिश्च विज्ञता ।
दीयते ब्रह्मणा किन्तु कार्पण्येन मनुष्यता ॥८१॥

पद, सम्पत्ति, तीव्र बुद्धि, कीर्ति तथा विज्ञता तो विधाता बड़ी उदारता से देता है किन्तु मनुष्यता देने में वह बहुत कंजूसी करता है।

हेतुनानेव जन्माहो भृशं मोदाय जायते ।
कालमामृत्युबन्धस्य ध्रुवं न्यूनीकरोत्यदः ॥८२॥

मुझे अपना जन्मदिन इसलिये प्यारा लगता है क्योंकि निश्चित रूप से यह मेरे आजन्म बन्धन की मियाद कम कर देता है।

पदं वहद् वपुर्भारं लोकभारं वहत् पदम् ।
शेषो भूभृत् त्रयं वन्द्यं को न प्रीणाति सेवया ॥८३॥

पैर शरीर का भार उठाते हैं, पद (ओहदा) लोक का भार उठाता है तथा शेषनाग सम्पूर्ण पृथ्वी का भार उठाते हैं, अतः तीनों ही वन्दनीय हैं। ऐसा कौन है जो सेवा से प्रसन्न नहीं होता?

स्वजनः स्वजनो यावच्छलाघ्यते तावदुन्नतिः ।
स्वजने श्वजने जाते तत्क्षणं सा विगर्ह्यते ॥८४॥

जब तक अपने प्रियजन प्रिय बने रहते हैं तब तक उन्नति या उत्कर्ष की प्रशंसा होती है किन्तु जब अपने प्रियजन श्वानवत् कर दिये जाते हैं उसी क्षण उन्नति या उत्कर्ष की निन्दा होने लगती है।

आबद्धो लोकजालेषु श्रीनन्दानन्दवर्धनः ।
पितृसेवाक्षमो जातः किं वराका पुनर्नराः ॥८५॥

संसार के जाल में फंस कर भगवान् कृष्ण भी जब माता पिता की सेवा न कर पाये तो फिर बेचारे मनुष्यों की तो बात ही क्या है?

एको हि दोषो गुणसन्निपाते निमज्जतीति प्रतिभात्यसत्यम् ।
सत्यावतारस्य युधिष्ठिरस्य मिथ्योक्तिरेका यशसो विनाशः॥८६॥

बहुत से गुणों में एक दोष छिप जाता है यह बात मुझे ठीक नहीं लगती क्योंकि धर्मावतार युधिष्ठिर के एक ही असत्य से उनका यश नष्ट हो गया।

गोस्वामिनो वयं सर्वे ममेदं निश्चितं मतम् ।
षष्ठीतत्पुरुषः कश्चिद् बहुव्रीहिः समं जगत् ॥८७॥

मेरा यह निश्चित मत है कि हम सभी गोस्वामी हैं। संसार में कोई-कोई अपनी इन्द्रियों का स्वामी होने से षष्ठी तत्पुरुष होता है वरना सारा जगत् बहुव्रीहि समास के अर्थ में गोस्वामी होता हैं अर्थात् संसार में अधिकतर लोग तो इन्द्रियों के दास होते हैं।

टिप्पणी : गोस्वामी =गंवा स्वामी-षष्ठी तत्पुरुष। गोस्वामी =गाव स्वामिनो यस्य सः बहुव्रीहिः।

हे सुन्दरि ! त्वया दत्तः स्याद्दण्डोऽप्यतिसुन्दरः ।
मारणं स्यात्कटाक्षैस्तु त्वच्चेतसि च बन्धनम् ॥८८॥

हे सुन्दरी यही उचित है कि तुम जो दण्ड दो वह भी सुन्दर ही हो। अतः यदि मेरा वध करना चाहो तो अपने नयन बाणों से करो और यदि मुझे कैद में डालना चाहो तो अपने दिल में कैद कर लो।

सर्वेभ्यो रोचते दाता तद्रूपं कोऽवलोकते ।
कृष्णोऽब्दो जलदानेन सर्वेषां मोदकारणम् ॥८९॥

दान देने वाला सभी को अच्छा लगता है; कोई भी उसका रूप नहीं देखता। इसीलिये पानी की वर्षा करने वाला मेघ अपने काले रंग के बावजूद सभी को प्रिय लगता है।

यदेव प्राप्यते लोके पुत्रीभूयैव तद् ध्रुवम् ।
पित्रीभूय न केनापि लब्धाद्यावधि काकिणी ॥९०॥

संसार में जो कुछ भी लिया जाता है वह पुत्र बन कर ही लिया जाता है। बाप बन कर आज तक कोई एक कौड़ी भी नहीं ले सका।

पुत्रीभूयाथवा लोके लुण्टाकीभूय गृह्यते ।
यद्यस्मै रोचते भ्रातस्तेन मार्गेण गम्यताम् ॥९१॥

संसार में या तो बेटा बन कर लिया जाता है या लुटेरा बन कर। अब भाई जो अच्छा लगे उसी रास्ते पर चलो।

दूषयन्ति दुराचारा मित्राणामपि बालकान् ।
विवेकसंयमभ्रष्टा रमन्ते तनुजास्वपि ॥९२॥

दुराचारी लोग अपने मित्रों के बालकों को भी भ्रष्ट कर देते हैं। विवेक तथा संयम हीन व्यक्ति तो अपनी पुत्रियों के साथ भी रमण करते हैं।

महतां शोभते सर्वं यदेव क्रियते हि तैः ।
पार्थसारथ्यकुर्वाणः कृष्णः केन न पूज्यते ॥९३॥

बड़े लोग जो भी करते हैं उससे उनकी प्रतिष्ठा ही होती है। अर्जुन के सारथी होने पर भी कौन कृष्ण को पूज्य नहीं मानता?

अनध्यापयतां पुत्राः प्रायशः सन्त्यपण्डिताः ।
पश्यन्तोऽपि न पश्यन्ति कीदृशीयं विडम्बना ॥९४॥

जो गुरुजन पढ़ाते नहीं उनके पुत्र भी प्रायः अपढ़ ही रह जाते हैं। यह देखते हुए भी लोग नहीं देखते यह कैसी विडम्बना है?

पर्यध्ययनछात्रास्तु सर्वत्र सुलभाः सदा ।
प्रदयस्तु कलेः साक्षात् पर्यध्यापनशिक्षकाः ॥९५॥

पढ़ने से उकता कर जी चुराने वाले छात्र तो हमशा हर जमाने में हर जगह आसानी से मिल जाते हैं किन्तु पढ़ाने से जी चुराने वाले अध्यापकगण तो कलियुग के साक्षाद् उपहारस्वरूप हैं।

टिप्पणी : पर्यादयोग्लानाद्यर्थे चतुर्थ्या–वार्तिक परिग्लानोऽध्ययनाय–पर्यध्ययनः–भैमीव्याख्या ४ भाग पृष्ठ १४०।

तथैव परिग्लानोऽध्यापनाय पर्यध्यापनः।

सुखे दुःखे समाप्तेऽपि तत्स्मृतिः कष्टदायिका ।
अवकृष्टे पृषत्केऽपि मर्मातिगव्रणो यथा ॥९६॥

सुख तथा दुःख के समाप्त हो जाने पर भी उनकी स्मृति दुःख देती रहती है। तीर के निकाल दिये जाने पर भी व्रण में मर्मान्तक पीड़ा बनी ही रहती है।

कृतज्ञो गुणहीनोऽपि वशं हि कुरुते जनान् ।
कृतज्ञताप्रकाशेन क्रोडमारुह्यते शुना ॥९७॥

गुणहीन मनुष्य भी यदि कृतज्ञ हो तो लोगों को वश में कर लेता है। कृतज्ञताप्रकाशन के कारण ही श्वान लोगों की गोद में बिठाया जाता है।

गौरी शिवं रमा विष्णुं वैदेही चापि राघवम् ।
यथा सदानुवर्तन्ते मञ्चभीतिस्तथैव माम् ॥९८॥

जैसे पार्वती जी शिव को, लक्ष्मी जी विष्णु को तथा वैदेही जी रामचन्द्र जी को नहीं छोड़ती वैसे ही मञ्च की भीति मेरा पीछा नहीं छोड़ती।

वस्तुनो भिन्नरूपाणि दृश्यन्ते भिन्नदर्शकैः ।
एकैव स्त्री सुता जाया स्वसा माता च भासते ॥९९॥

एक ही वस्तु को भिन्न-भिन्न लोग भिन्न-भिन्न रूपों में देखते हैं। एक ही स्त्री किसी को पुत्री, किसी को पत्नी, किसी को बहन तथा किसी को माता के रूप में दिखाई देती है।

रत्नादिभूषिता वेश्या गर्हणं भजते सदा ।
सकन्थाऽपि सती नारी सम्मानस्यैव भाजनम् ॥१००॥

वस्त्रालंकारों से विभूषित वेश्या को कभी सम्मान नहीं मिलता किन्तु कुलवधू चाहे फटे कपड़े पहने हो तो भी उसे सम्मान मिलता है।

प्रज्वलन्ति मनोदीपा वासनातैलपूरिताः ।
निःशेषतैलदीपानां ज्वलनस्य तु का कथा ॥१०१॥

जब तक मन में वासनारूप तेल भरा रहता है तभी तक मन में जलन या कष्ट होता है। दिये के तेल समाप्त होने से दिये का जलना समाप्त हो जाता है उसी भांति वासनाओं के समाप्त हो जाने पर हृदय भी शान्त हो जाता है।

कोपायैवाधमर्णस्य यथर्णस्यावबोधनम् ।
कथितो ह्युपकारोऽपि तथा वैरस्यकारणम् ॥१०२॥

कर्ज की याद दिलाने पर जैसे कर्जदार को बुरा लगता है उसी प्रकार किये गये उपकार के जिक्र से उपकृत मनुष्य वैर मानने लगता है।

नराय प्रभुणा दत्तं साक्षात्कल्पतरुर्मनः ।
तत्प्रसादात्स आप्नोति यद् वाञ्छति शुभाशुभम् ॥१०३॥

मन के रूप में प्रभु ने मनुष्य को साक्षात् कल्पवृक्ष ही दे दिया जिससे वह बुरा भला जो भी चाहता है वह उसे मिल जाता है।

टिप्पणी : सः आप्नोति = स आप्नोति–**सोऽचि लोपे चेत्पादपूरणम्।**

अविनाशिकृते किञ्चिद् विष्टपे नास्ति नाशवत् ।
अभावो नास्ति कस्यापि नश्यतोऽपि पुनः पुनः ॥१०४॥

अविनाशी परमात्मा द्वारा रचित इस संसार में कोई भी चीज नाशवान नहीं है। बार–बार नाश होने पर भी किसी चीज का नाश नहीं होता।

गृहाश्रमे प्रवेशाय गृहिणीसुखमामिषम् ।
विदग्धेन कृतं धात्रा येन मीनन्ति मानवाः ॥१०५॥

मछली को पकड़ने के लिये बंसी में थोड़ा आटा या मांस लगा देते हैं जिसके लोभ में फंसकर मछली फंस जाती है। इसी प्रकार गृहस्थाश्रम में मनुष्य को डालने के लिये चतुर विधाता ने स्त्री सुख का आकर्षण लगा दिया जिससे मछली की भांति मनुष्य स्वयं ही फंस जाता है।

टिप्पणी : मीन प्रातिपादिक में क्विप् लगाकर मीन को धातु बना लिया गया है।

नराय श्लाघते स्वार्थी श्लाघते निस्पृहस्तु तम् ।
विज्ञातुमेतयोर्भेदं पाणिनीयेन शक्यते ॥१०६॥

स्वार्थी मनुष्य प्रशंसित मनुष्य के लिये उसकी प्रशंसा करता है किन्तु स्वार्थरहित मनुष्य प्रशंसित व्यक्ति की प्रशंसा करता है। इसमें जो भेद है वह पाणिनीय व्याकरण को पढ़े बिना नहीं समझा जा सकता।

टिप्पणी : श्लाघह्नुङ्स्थाशपां ज्ञीप्स्यमानः १/४/३४ इसका अर्थ है कि जब किसी मनुष्य की प्रशंसा या निन्दा इस भाव से की जाये कि उस व्यक्ति विशेष को प्रशंसा या निन्दा किये जाने का पता चल जाये तो चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग होता है। जब तक प्रशंसित व्यक्ति को

प्रशंसा किये जाने का पता न लगे तब तक स्वार्थी मनुष्य की प्रशंसा उसके लिये अर्थहीन ही होगी। अतः यहां चतुर्थी विभक्ति का प्रयोग है।

सर्वेषां सुखदं नित्यमनुशासनपालनम् ।
तत्प्रभावेन जायन्ते मुक्ताः सलिलबिन्दवः ॥१०७॥

अनुशासन सभी के लिये हितकर होता है। अनुशासन का पालन करने से ही पानी की बूंदें मोती बन जाती हैं।

लिङ्गानुशासनं नूनं मुनीनामपि दुष्करम् ।
पुल्लिङ्गे तैः कृता दाराः कृतं लिङ्गं नपुंसकम् ॥१०८॥

लिङ्गानुशासन रखना मुनियों के लिये भी दुष्कर है। देखिये मुनि पाणिनि ने दारा शब्द को पुल्लिङ्ग कर दिया तथा लिङ्ग को नपुंसक लिङ्ग कर दिया।

स्वदुःखं प्रकटीकुर्वन् को न यात्युपहास्यताम् ।
वीक्ष्य खस्य हिमाश्रूणि हसन्ति कुसुमान्यपि ॥१०९॥

जो मनुष्य जहां तहां अपना दुःखड़ा रोता फिरता है उसका उपहास होता ही है। आसमान के ओसरूपी आंसुओं को देख कर फूल भी हंसने लगते हैं। ओस के गिरने पर फूलों का खिलना ही उनके द्वारा उपहास है।

ज्वलन्तीं वर्त्तिकां दृष्ट्वा स्नेहोऽपि ज्वलति स्वयम् ।
परदुःखेषु कातर्यं प्रकृतिर्हि सतामियम् ॥११०॥

बत्ती को जलता देखकर तेल भी जलने लगता है। दूसरों के दुःख को देख कर द्रवित हो जाना तो साधुजनों का स्वभाव ही होता है।

प्रकाशं भास्करो दत्ते दाहं सोढ्वाप्यनुक्षणम् ।
सर्वस्पृह्यं तु तत्तेजो दाहेऽनन्ते न किं स्पृहा ॥१११॥

क्षण-क्षण अन्तर्दाह को सहन करता हुआ सूर्य प्रकाश देता है। उसके प्रकाश से तो सभी स्पृहा करते हैं किन्तु किसी को यह विचार नहीं आता कि वह कितना दाह सहता है।

कलशश्चषकं नत्वा प्रेम्णा चुम्बन् पुनः पुनः ।
हालया भरते तञ्च सज्जनानामियं गतिः ॥११२॥

मधु कलश पहले तो झुकता है फिर मधु के प्याले से मिलता है मानो उसका चुम्बन लेता है और तब फिर उसमें सुरा भरता है। दान देने का सज्जनों का यही तरीका है।

प्रदर्शयति कालुष्यं मानसं चन्द्रमा दिवः ।
उच्चैः स्थिता न सर्वेऽपि जातु सन्ति विवेकिनः ॥११३॥

चन्द्रमा आकाश पर चढ़ कर अपना कालुष्य दिखाता है। उच्च पद पर आसीन सभी व्यक्ति विवेकवान नहीं होते।

टिप्पंणी : भुवः प्रभवः १२४/३१ पर पढ़ा गया वार्तिक **''ल्यब्लोपे कर्मण्यधिकरणे च''** से दिवः मे पञ्चमी विभक्ति की गई है।

छद्मभिक्षाक आयातो यशो द्रातुं हि मे भृशम् ।
भावेनानेन यद्दत्तं जन्म तेनैव सार्थकम् ॥११४॥

मुझे यश देने के लिये स्वयं भगवान याचक का रूप धर कर आये हैं। इस भावना से जो दान दियां जाता है उससे ही जन्म सार्थक होता है।

कर्तारो मनुजान् श्रेष्ठान् ऋषिसंज्ञामुपागताः ।
कृतज्ञैर्मनुजैस्तेऽतस्तर्प्यन्ते पितृभिः समम् ॥११५॥

मनुष्यों को श्रेष्ठ बनाना जिनका स्वभाव है ऐसे लोगों की ऋषि संज्ञा होती है। इसीलिये कृतज्ञतावश अपने पितरों के साथ ऋषियों का भी तर्पण किया जाता है।

टिप्पणी : यहां **आक्वेस्तच्छील-तद्धर्म-तत्साधुकारिषु** ३/२/१३४ से तृन् प्रत्यय का प्रयोग करके कर्तारः बना है।

न लोकाव्ययनिष्ठा खलर्थतृनाम् २/३/६९से षष्ठी का निषेध होने से द्वितीया की गई है।

सन्तोषो दत्रिमो ज्ञेयो लोभो नूनं तु लब्भ्रिमः ।
भृत्रिमा सर्वथा प्रीतिः हर्षशोकौ विहित्रिमौ ॥११६॥

सन्तोष की उत्पत्ति दान से होती है, लोभ की लाभ से, प्रीति की भरण पोषण से होती है। हर्ष और शोक ये विधाता की देन है।

टिप्पणी : "इ्वितः क्त्रिः" ३/३/८८

"क्त्रेर्मम् नित्यम्" ४/४/२० श्री भीमसैन महावैयाकरण की भैमी टीका भाग ३, पृष्ठ २०६

यौवने गृहपालो यो गृहपालोऽपि वार्द्धके ।
अन्तरं तु तयोर्ज्ञातुं श्लेषज्ञानेन शक्यते ॥११७॥

जवानी में जो गृहपाल (कुटुम्ब का भरण पोषण करने वाला) होता है वह बुढ़ापे में भी गृहपाल ही रहता है किन्तु इसका भेद श्लेष के ज्ञान होने से मालूम होता है।

टिप्पणी : गृहपाल शब्द में श्लेष है।

(१) गृहपाल–घर का भरण पोषण करने वाला अर्थात् मुखिया।

(२) घर की रखवाली करने वाला अर्थात् श्वान।

याति यत्रैव तत्रैव भृशं दीपः प्रकाशते ।
न हि कस्यापि दीपस्य गृहं कुत्रापि विद्यते ॥११८॥

दीपक जहां भी जाता है वहीं प्रकाश करता है यद्यपि उसका घर कहीं नहीं होता है।

टिप्पणी : निस्पृह विद्वान् संन्यासी भी दीपक की ही भांति होता है।

भक्तबन्धूंश्च तेषां च दृष्ट्वा पोषकमीश्वरम् ।
चर्कृशीति च विश्वासः श्रद्धा जेजीर्यते च मे ॥११९॥

जो ढोंगी भक्त हैं उनको तथा उनके पोषण करने वाले भगवान् को देखकर मेरा विश्वास बड़ी तेजी से क्षीण हो रहा है तथा मेरी श्रद्धा भी बुढ़ाती जा रही है।

टिप्पणी : (१) किसी शब्द के आगे बन्धु लगा देने से तिरस्कार द्योतित किया जाता है। अतः भक्तबन्धु से तात्पर्य उन लोगों से है जो भक्त नहीं हैं पर भक्ति का दिखावा करते हैं।

(२) चर्कृशीति–यह कृश धातु (दुबला या कमजोर होने) का यङ् लुङन्त का लट् लकार में प्रथम पुरुष का एक वचन का रूप है।

(३) जेजीर्यते–यह जृ (बूढ़ा होना) धातु का यङन्त लट् लकार का प्रथम पुरुष का एक वचन का रूप है।

ये हयान् गर्दभीयन्ति हयीयन्ति च गर्दभान् ।
तेषु प्राप्ताधिकारेषु किं न याति विपर्ययम् ॥१२०॥

जो लोग घोड़ों से गधों जैसा तथा गधों से घोड़ों जैसा बर्ताव करते हैं उन लोगों के सत्तारूढ़ हो जाने से क्या उल्टा नहीं हो जाता।

हयीयन्ति हय को नाम धातु बना कर तथा गर्दभीयन्ति गर्दभ को नामधातु बना कर प्रयुक्त हैं। **"उपमानादाचारे"** सूत्र से क्यच् लगाया गया है।

याचमानेन लभ्येत धनमन्यच्च वाञ्छितम् ।
सुलभौ स्नेहमानौ नो याचतोऽपि गृहं गृहम् ॥१२१॥

धन तथा अन्य जो भी वह चाहे वह वस्तु याचक पा सकता है किन्तु घर-घर मांगने पर भी स्नेह तथा मान नहीं मिल सकता।

तदैव स्वरयेत्प्राज्ञो विकल्पो न भवेद् यदा ।
कुर्वाणः फूत्कृतिं सर्पः पीडयन्तं हि दङ्क्ष्यति ॥१२२॥

बुद्धिमान् व्यक्ति को उचित है कि जब तक कोई विकल्प दिखाई दे तब तक किसी दूसरे के दोष न निकाले और न निन्दा करे। फुंकारते हुए सर्प को यदि कोई मनुष्य चोट पहुंचाये तो भी सर्प उस मनुष्य को डस ही लेगा।

अत्यद्भुतं विषं क्रोधो यत्पीत्वामृतमश्नुते ।
तद् वमन् मनुजो लोके लभते घोरयातनाम् ॥१२३॥

क्रोध ऐसा अद्‌भुत विष है जिसको पी लेने से मनुष्य को बहुत लाभ होता है तथा जिसका वमन करने से उसे बहुत कष्ट होता है ।

एकवर्णा हि दीपार्चिर्विविधा काचवर्णतः ।
चित्स्वरूपस्तथात्मापि मायासङ्गात् सुखासुखी ॥१२४॥

यद्यपि दीपक की लौ एक ही वर्ण की होती है किन्तु फानूस के रंगों के कारण वह लौ विभिन्न वर्णों की दिखाई देती है उसी तरह माया

के संग से आत्मा भी शुद्ध चित्स्वरूप होने पर भी सुखी एवं दुःखी दिखाई देता है।

यच्चापि क्रियते सद्भिः श्लाघ्यतामुपयाति तत् ।
कृष्णस्य पार्थसारथ्यं सर्वैरेव प्रशस्यते ॥१२५॥

अच्छे लोग जो भी करें उसी की प्रशंसा होती है। भगवान् के अर्जुन के सारथी बन जाने की सभी प्रशंसा करते हैं।

उद्यानं यस्य कस्यापि फलपुष्पसमन्वितम् ।
सन्तस्तद् वीक्ष्य मोदन्ते क्लिश्यन्ते तेन दुर्जनाः ॥१२६॥

किसी का भी उद्यान हो उसमें फल फूल लदे देखकर सज्जन खुश होते हैं। किन्तु दुर्जन उसे देखकर जलने लगते हैं।

साधनं साधनीयं हि श्रेयः प्रेयश्च काङ्क्षता ।
साधनेऽसंयते जाते भ्रंशः केन निवार्यते ॥१२७॥

जो मनुष्य ऐहिक सुख एवं कल्याण की कामना करता है उसे साधन पर नियन्त्रण रखना चाहिए। साधन पर यदि नियन्त्रण नहीं रहेगा तो अधःपतन को कौन रोक सकेगा ।

टिप्पणी : साधन शब्द में श्लेष है।

संसारस्तु द्विधा प्रोक्त आत्मकृत् परमात्मकृत् ।
आद्यसेवा तु मोहाय परसेवा विमुक्तये ॥१२८॥

संसार दो प्रकार का होता है–एक वह जिसकी रचना हम अपने मोह एवं अज्ञान से करते हैं। दूसरा वह जिसकी रचना भगवान ने की है। अपने द्वारा सृष्ट संसार की सेवा में फँसने से मोह उत्पन्न होता है। किन्तु परमात्मा द्वारा रचित संसार की सेवा से मुक्ति मिलती है।

सुभावो वा कुभावो वा स्वभावो दुस्त्यजो नृणाम् ।
द्राक्षाभिरिव माधुर्यं निम्बैरिव च तिक्तता ॥१२९॥

अच्छा हो या बुरा हो स्वभाव को छोड़ना अत्यन्त कठिन है। जैसे अंगूर अपने मीठेपन को तथा नीम अपनी कड़ुवाहट को नहीं छोड़ पाता।

यः करोति प्रियं किञ्चित् तेंन तस्मै स रोचते ।
वर्तितव्यं विचार्यैतत्सर्वैः सह सदा नरैः ॥१३०॥

जो आदमी किसी का प्रिय करता है वह आदमी उस आदमी को प्रिय लगने लगता है। अतः व्यवहार करने में हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिये।

वृद्धाः श्रेयश्चिकीर्षन्ति बालकानां न हि प्रियम् ।
दुर्भाग्यमिति तेषां ते जायन्ते कोपभाजनम् ॥१३१॥

वृद्ध जन अपने बालकों का कल्याण चाहते हैं। उनके मन की बात नहीं करना चाहते। यह दुर्भाग्य है कि इस कारण बालक अपने बुजुर्गों से नाराज हो जाते हैं।

संत्यजन्ति न साधुत्वं मृत्युभीत्यापि साधवः ।
भुज्यमानं सदा लोके माधुर्यं मोदकं यथा ॥१३२॥

सज्जन लोग प्राणों का संकट आने पर भी साधुता का परित्याग नहीं करते जैसे कि मोदक अपने माधुर्य को नहीं छोड़ता यद्यपि इसके कारण जिसे देखो वही उसे खाने को लपकता है।

जनाः शरीरयात्रार्थं धनीयन्त्विति साम्प्रतम् ।
असुरन्ति नरास्ते ये धनायन्ति निरन्तरम् ॥१३३॥

यह तो उचित है कि जीवन निर्वाह के लिए लोग धन की कामना करें किन्तु जो लोग अदम्य लालच के कारण धन की कामना करते ही रहते हैं वे असुरों की भाँति आचरण करते हैं।

टिप्पणी : असुर में क्विप् लगाकर उसे धातु बनाया है । (२) धनीयन्तु तथा धनायन्तु-इस सन्दर्भ में सूत्र "**अशनायोदन्यधनाया बुभुक्षापिपासामृगर्धेषु**" ७।४।३४ द्रष्टव्य है। इसके अनुसार जब आवश्यकता के लिए बिना लालच के धन की कामना की जाती है। तब "धनीयति" धातु निपातन से मिलती है तथा जब लालच के कारण जरूरत से ज्यादा धन की कामना की जाती है तब "धनायति" बनता है।

प्रासादीयति कुट्यां यः प्रासादे च कुटीयति ।
परिक्रामति मोक्षस्तं वीतरागं पदे पदे ॥१३४॥

जो कुटी में वैसी ही मौज से रहता है जैसे कि महल में लोग रहते हैं तथा महल में उस निःस्पृह भाव से रहता है जैसे कि कुटी में रहते हैं ऐसे वीतरागी मनुष्य की मोक्ष परिक्रमा लगाता रहता है।

टिप्पणीः-**"उपमानादाचारे"** ३।१।१० सूत्र पर **"अधिकरणाच्चेति वक्तव्यम्"** यह वार्तिक पढ़ा गया है। इस वार्तिक के अनुसार प्रासाद तथा कुटी प्रातिपदिकों में "क्यच्" प्रत्यय लगाककर नाम धातु बनाई गई है। कृपया सिद्धान्तकौमुदी देखें।

उपेक्ष्य जनत्थूकारं परेषां हितकारकम् ।
कटुत्वं न परित्यक्तं धन्या ते निम्ब धीरता ॥१३५॥

हे नीम, तेरी धीरता धन्य है कि सभी लोगों के थू थू करने पर भी तू अपनी लोकहितकारी कटुता का परित्याग नहीं करता।

मृद्वीके त्वयि भाग्येन ह्युभयं मधुरं हितम् ।
दैवानुग्रह एवैष न किञ्चिद् गर्वकारणम् ॥१३६॥

हे अंगूर, तेरा रस मीठा भी है तथा बलदायक भी है किन्तु यह सुयोग तो भगवान् का ही अनुग्रह है इसमें तेरे गर्व करने का तो कोई भी कारण नहीं है।

प्रत्यग्नि प्रविशन्तीह शलभा अवशा यथा ।
तथैव प्रतिनाशं हि यान्ति पापहता नराः ॥१३७॥

जैसे पतङ्गे बरबस होकर आग में गिरते हैं उसी प्रकार अभागे पापी भी बरबस अपने विनाश की ओर स्वयं अग्रसर होते हैं।

अन्तरेकं बहिर्भिन्नं दृश्यसे त्वं तरम्बुज ।
तवेदं बाह्यभिन्नत्वं वञ्चनीयं न तत्त्वतः ॥१३८॥

हे तरबूज! तू (धारियों के कारण) बाहर से भिन्न दिखाई देता है किन्तु तू अन्दर अभिन्न है अतः तेरा यह बाह्यभिन्नत्व आलोचना के योग्य नहीं है।

उच्यते स्पष्टमस्माभिर्गौरवेणेति कथ्यते ।
शक्नुमो यदि तच्छ्रोतुं वस्तव्येयं धरा भवेत् ॥१३९॥

हम बड़े गर्व से यह कहते हैं कि हम तो स्पष्ट बात कहते हैं। यदि हम लोग स्पष्ट बात सुन भी सकें तो यह पृथ्वी रहने योग्य हो जावे।

महतां सर्वथासह्यं शरणागतलाघवम् ।
अङ्कमारोढुकामं कमात्मवत् कुरुतेऽर्णवः ॥१४०॥

बड़े लोग यह बर्दाशत नहीं कर पाते कि उनकी शरण में आने पर भी कोई छोटा ही बन रहे। जैसे ही जल समुद्र की गोद में जाकर बैठता है उसी क्षण समुद्र उसे अपना जैसा बना लेता है।

कुलं संस्कर्तुमिच्छद्भिः वोढव्या मत्तकाशिनी ।
रूपलावण्यमुग्धास्तु शलभन्ति सुनिश्चितम् ॥१४१॥

जो लोग अपने कुल को सुसंस्कृत बनाना चाहते हैं उनके लिए यह आवश्यक है कि सुसंस्कृत लड़कियों से विवाह करें जो लोग रूप एवं लावण्य पर मुग्ध होकर विवाह करते हैं वे तो मानो पतङ्गों की भाँति आचरण करते हैं यानी स्वयं आग में जल कर नष्ट होतें हैं।

विवेकसंयुता शक्तिः पूर्णानन्दप्रदायिनी ।
प्रयत्नस्तत्र कर्तव्यः सर्वैः कल्याणकाङ्क्षिभिः ॥१४२॥

विवेक से युक्त शक्ति पूर्णानन्द देती है। अतः कल्याण की कामना करने वाले लोगों को ऐसी शक्ति प्राप्त करने के लिये प्रयत्न करना आवश्यक है।

उपवासो धनाढ्यानां दरिद्राणामभोजनम् ।
संयमो यो बलिष्ठानां क्लीवानां क्लैव्यमेव तत्॥१४३॥

धनवान के भूखे रहने को उपवास कहा जाता है किन्तु दरिद्र के भोजन न करने को भूखा मरना कहा जाता है। जो बलिष्ठ का संयम है वही नपुंसक मनुष्य का क्लैव्य है।

महतां हृदयं नूनं बाललालनतत्परम् ।
अतो हि धरते प्रेम्णा बालेन्दुं शिरसा शिवः ॥१४४॥

बड़े लोग बालकों को प्रसन्न रखना चाहते हैं इसी कारण भगवान् शंकर द्वितीया के चन्द्रमा को अपने सिर पर बिठाये रहते हैं।

सम्भाव्यतां समीक्ष्यैव मानं कुर्वन्ति पण्डिताः ।
अतो हि धरते प्रेम्णा बालेन्दुं शिरसा शिवः ॥१४५॥

कोई व्यक्ति क्या बन सकता है या बनेगा इस बात का विचार करके बुद्धिमान उसको आदर देते हैं। इसी बात को ध्यान में रखकर त्रिनेत्र भगवान् शंकर द्वितीया के चन्द्रमा को सिर पर बिठाये रहते हैं।

ग्रीष्मे ददाति शैत्यं च हेमन्ततौ कवोष्णताम् ।
युवत्यङ्गं कृतं धात्रा गृहं वातानुकूलितम् ॥१४६॥

विधाता ने युवती के अङ्गों को वातानुकूलित घर की भांति बनाया है जो गर्मी में ठण्डक तथा जाड़ों में गुनगुनाहट देता है।

पीत्वापि कालकूटं यो जग्ध्वा धत्तूरजं फलम् ।
कदापि नैति विक्षोभं महादेवः स निश्चितम् ॥१४७॥

कालकूट विष पीकर तथा धतूरे के फल खाकर भी जिसमें क्षोभ उत्पन्न नहीं होता वह निःसन्देह महादेव ही है।

दुःशीलो यः प्रकृत्यैव न स क्षम्यः कदाचन ।
क्षान्तो द्रौणिस्तु निर्लज्जो भ्रूणं हन्तुं प्रचक्रमे ॥१४८॥

जो स्वभावतः दुष्ट हो उसे कभी क्षमा नहीं करना चाहिये। द्रौपदी द्वारा क्षमा किये जाने पर भी दुष्ट अश्वत्थामा ने परीक्षित के भ्रूण को ही नष्ट करने का प्रयत्न किया।

आन्तर्यं महतां लब्धुं स्थानाभेदेन शक्यते ।
तेषामान्तरतम्यं तु साध्यते हि प्रयत्नतः ॥१४९॥

जब मुख में उच्चारण का स्थान तथा आन्तर प्रयत्न एक जैसे हों तब सवर्ण संज्ञा होती है। किसी बड़े आदमी के स्थान में रहने वाला कोई आदमी हो तो उन दोनों में कुछ निकटता तो हो जाती है किन्तु घनिष्टता प्राप्त करने के लिये प्रयत्न आवश्यक है।

सूत्र "**स्थानेऽन्तरतमः**" १/१/९ तथा "**तुल्यास्यप्रयत्नं सवर्णं**" १/१/९ को ध्यान में रख कर यह श्लोक लिखा गया है।

स्थानेऽन्तरतमः कार्य आदेशोऽयं स्वयं मुनेः ।
कलौ हन्तेति कुर्वाणा वाच्या सन्ति पदे पदे ॥१५०॥

स्वयं महामुनि पाणिनि का यह आदेश है कि स्थाने (सति) यदि किसी स्थानी की जगह कोई आदेश करना हो तो वह आदेश अन्तरतम होना चाहिये। किन्तु यह दुर्भाग्य है कि ऐसा करने वालों की कलियुग में आलोचना होने लगी है।

टिप्पणी : "स्थानेऽन्तरतमः" १/१/९ सूत्र पर यह व्यंग्य है। अपने भाई भतीजे ही अन्तरतम होते हैं। स्थाने यानी स्थान खाली होने पर उन्हें नियुक्त करने वालों की निन्दा होती है।

संमृद्धान्नानुवर्तेरन् कदाप्याढ्यचरा जनाः ।
महानदाः क्व चोद्वेलाः काकपेयाः क्व निम्नगाः ॥१५१॥

जो पहले रईस थे पर अब जिनके दिन खराब हो गये हैं उन लोगों को कभी रईस लोगों की बराबरी नहीं करनी चाहिये। कहां अपने कगारों को तोड़ने वाले महानद और कहां कौए के पीने से सूख जाने वाली या कम पानी वाली नदी।

शत्रुत्वे वर्तितव्यं हि तथास्माभिर्यथा वयम् ।
नो व्रीडामुपगच्छाम मित्रत्वे पुनरागते ॥१५२॥

शत्रुता होने पर भी हमें ऐसा व्यवहार करना चाहिये जिससे कि यदि शत्रु से मित्रता हो जाये तो हमें लज्जा की अनुभूति न हो।

आत्मावलोकनार्थाय प्राप्तो हृद्दर्पणो नरैः ।
तत्रात्मानमपश्यन्तो व्यर्थीकुर्वन्ति तन्तु ते ॥१५३॥

मनुष्यों को हृदयरूपी दर्पण इसलिये मिला है ताकि वे उसमें अपना चेहरा देखें यानी आत्मनिरीक्षण करें किन्तु लोग ऐसा न करके उस दर्पण को बेकार कर देते हैं।

ब्रूते निवचनेकृत्य यथाकालं तु यो नरः ।
अखिलं जगतः श्रेयः स्वयं तमनुगच्छति ॥१५४॥

जो मनुष्य वाणी को संयम में रखकर समयानुकूल बोलता है उस आदमी के पीछे जगत का सम्पूर्ण श्रेय स्वयं ही घूमता है अर्थात् उसे सम्पूर्ण श्रेय की प्राप्ति के लिये प्रयत्न नहीं करना पड़ता।

टिप्पणी : निवचनेकृत्य–वाणी को संयम में करके बोलना। ''मध्येपदेनिवचने च'' अष्टा० १/४/७५॥

रत्नाकरस्य विक्षोभस्तथा दाहो रवेरपि ।
प्रमाणीकुरुतः सर्वे जगत्यां दुःखभाजनम् ॥१५५॥

रत्नों के भण्डार समुद्र का विक्षोभ तथा सूर्य (ज्ञान की राशि) के निरन्तर जलने से यह प्रमाणित होता है कि संसार में सभी लोग दुःख के भाजन होते हैं यानी कोई दुःख से नहीं बच पाता।

संहर्तुं दानवान् येन काले कालेऽवतीर्यते ।
तद्भक्तैरप्यतो युक्तमत्याचारिविमर्दनम् ॥१५६॥

समय–समय पर जो भगवान् दानवों का विनाश करने के लिए अवतार लेते हैं उनके भक्तों के लिये भी यह उचित है कि वे अत्याचारियों का विमर्दन करें।

रत्नाकरस्य हाहेति निशम्यैशा मतिर्मम ।
निवारणाय दुःखानां व्यर्थं सर्वं धनं भुवः ॥१५७॥

रत्नों के अथाह भण्डार का हाहाकार सुनकर मेरे मन में यह विचार आया कि सम्पूर्ण जगत का धन भी मनुष्य के दुःखों को समाप्त नहीं कर सकता।

आजीवं दोग्धि पित्रादीन् दुहितेति सुसाम्प्रतम् ।
व्युत्पन्ना सा हि दुग्धातोः प्रकृतिर्दुरतिक्रमा ॥१५८॥

दुहिता (बेटी) आजीवन पिता तथा कुटुम्बियों को दुहती ही रहती है। यह बहुत ही उचित है। क्योंकि दुहिता शब्द की व्युत्पत्ति दुह् धातु (पूरणे–अपने को भरना) से हुई है। अतः दुहना उसका स्वभाव है और स्वभाव को छोड़ना मनुष्य के लिये अत्यन्त दुष्कर होता है।

युवती यौति भर्तारं पितृभ्यां तञ्च यौति सा ।
मिश्रणामिश्रणे यौति सार्थमुक्तं महर्षिणा ॥१५९॥

महर्षि पाणिनि ने यु धातु को मिलाने तथा विलग करने के अर्थ में पढ़ा है। युवती अपने पति को अपने से तो मिलाती है लेकिन अपने

पति को उसके कुटम्बियों से अलग कर देती है। अतः महर्षि का कथन बहुत सार्थक है।

विचित्रं बलवाँल्लोके भूरिद्रव्यैः समर्च्यते ।
दीयते निर्बलेभ्योऽस्मिन्नर्धचन्द्रस्तु केवलम् ॥१६०॥

यह संसार भी बड़ा विचित्र है। बलवान को खूब धन देकर उसे पूजा जाता है किन्तु निर्बल को केवल अर्धचन्द्र देकर बाहर निकाल दिया जाता है।

टिप्पणी : अर्धचन्द्र–गले पर जब धक्का मारा जाता है तो हाथ की शक्ल अर्धचन्द्र जैसी हो जाती है उसी को अर्धचन्द्र देना कहते हैं। भाषा में इसे गरदनिया देकर बाहर निकालना कहते हैं।

एक एव हि नाऽयाति गच्छत्यप्येक एव च ।
नातिस्नेहं नरः कुर्यात् कस्मिन्नपि प्रिये जने ॥१६१॥

प्रत्येक मनुष्य अकेला ही आता है और अकेला ही जाता है। किसी प्रियजन से बहुत अधिक प्रेम करना उचित नहीं है।

अङ्गान्यप्यस्मदीयानि नानुवर्तीनि वार्द्धके ।
अशोच्यं किल तेनेदं यद्यन्ये सन्तु तादृशाः ॥१६२॥

बुढ़ापे में अपने शरीर के अवयव ही अपने वश में नहीं रहते। अतः यदि अन्य लोग भी हमारे वश में नहीं रहते तो हमें दुःख नहीं करना चाहिये।

प्रतिवातं घनो याति न कदापीति कथ्यते ।
स जडः किं प्रमाणं स्याच्चेतनानां मनीषिणाम् ॥१६३॥

यह कहा जाता है कि बादल कभी हवा के खिलाफ नहीं चलता। किन्तु जड़ (मूर्ख) बादल सचेतन बुद्धिमानों के लिये प्रमाण कैसे हो सकता है?

घनो हि निजजाड्येन प्रतिवातं न गच्छति ।
यथायोग्यं तु गन्तव्यं प्रतिवातं सचेतनैः ॥१६४॥

बादल अपनी जड़ता (निश्चेतनता, मूर्खता) के कारण हवा के खिलाफ नहीं जाता। किन्तु सचेतन होने के कारण मनुष्यों को तो उचित अवसर पर हवा के खिलाफ चलना चाहिये।

भुजङ्गांश्च पिशाचांश्च सेवमानान्निरंतरम् ।
सावधानतया शास्ति मस्ततः शङ्करोऽस्ति सः ॥१६५॥

महादेव जी (मः) सर्पों तथा पिशाचों को जो निरन्तर उनकी सेवा में लगे रहते हैं उनको बड़ी सावधानी से नियन्त्रण में रखते हैं। इसीलिये वे शंकर (कल्याण करने वाले) हैं।

अतिदृप्तजनस्येदमज्ञातनमनं शिरः ।
पादाब्जे तेऽधुना शेते गुणौघैः प्रणतीकृतम् ॥१६६॥

इस अत्यन्त अभिमानी मनुष्य का यह सिर जो झुकना जानता ही नहीं उसे भी आपके गुणों ने झुका दिया है। अतः अब वह आपके चरणकमलों में पड़ा रहता है।

क्लिश्यते नो जगद्रक्षन् पुरुषोऽपि पुरातनः ।
मन्ये सञ्जीवनीयन्ते जयघोषा हि तत्कृते ॥१६७॥

पुरातन पुरुष सम्पूर्ण विश्व की रक्षा करने पर भी थकते नहीं इसका कारण मेरी समझ में तो यही आता है कि उनके जो जयघोष किये जाते हैं वे उन पर सञ्जीवनी औषधि का काम करते हैं।

समानं शिष्यते राजा वृद्धो वा तरुणोऽस्तु वा ।
वृद्धः स्यात्किं विनिर्मुक्त उच्यतां मारशासनात् ॥१६८॥

राजा वृद्धों तथा तरुणों पर समान रूप से शासन करता है तो फिर यह कैसे सम्भव हो सकता है कि वृद्धजन कामदेव के शासन से बचे रहें।

धात्रा यत्कल्पितं नृभ्यस्तानायाति तथैव तत् ।
सायंकाले यथायाति नीडस्थान् शावकान् खगः ॥१६९॥

अपने घोंसले में बैठे हुए बच्चों के पास सायंकाल को जैसे पक्षी अपने आप पहुंच जाते हैं उसी तरह विधाता ने अच्छा बुरा जो भी विधान किया है वह मनुष्य को स्वतः ही प्राप्त होता है।

यत्करोति दयासिन्धुस्तस्यानुग्रह एव तत् ।
हन्यन्ते राक्षसास्तेन तेषां शापविमुक्तये ॥१७०॥

भगवान् जो भी करते हैं वह उनकी दया ही होती है। उनके द्वारा किया हुआ राक्षसों का वध भी उनकी शाप मुक्ति के लिये ही होता है।

दीनार्तिं न हि शृण्वन्ति लोकाः प्राप्य धनप्रति ।
तच्छृणोति जगन्नाथो झटित्येवेति विस्मयः ॥१७१॥

किञ्चित् धन पाकर ही संसारी जीव दीनों की विनती नहीं सुन पाते। आश्चर्य है कि विश्वम्भर शीघ्र ही दीनों की पुकार सुन लेता है।

टिप्पणी : सुप् प्रतिना मात्रार्थे २/१/९ स्वल्प अर्थ में प्रति शब्द के साथ सुबन्त का समास हो जाता है और वह अव्ययीभाव समास होता है।

चिन्त्यतेस्म पुरा लोकैः कथं लोकः सुखी भवेत् ।
अधुनातनचिन्तेयं कथं लोको विनश्यतु ॥१७२॥

पहले लोगों को यह चिन्ता रहती थी कि लोग किस प्रकार से सुखी रहें किन्तु अब यह चिन्ता रहती है कि लोगों का नाश कैसे हो।

गजास्ये पुण्ड्रदानं खेलनं नो मन्यतां भगवन् ।
यदेच्छसि पुण्ड्रमादातुं तदा ज्ञास्यसि निजां बुद्धिम् ॥१७३॥

श्रीमान्, हाथी के मुंह में गन्ना देना खेल मत समझो। जब उससे वह गन्ना वापस लेना चाहोगे तब अपनी अक्ल की हकीकत समझोगे।

